'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 24 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए मंगलवार, 09 अप्रैल 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## चुनाव जीतने के लिए राहुल गांधी ने ली थी पीएफआई की मदद : स्मृति ईरानी



समाचार गेट ब्यूरो

भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल लोकसभा सीट के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का समर्थन लिया। सोमवार को, एएनआई से बात करते हुए, ईरानी ने कांग्रेस नेता पर अमेठी के लोगों का अपमान करने का आरोप लगाया, जो पहले कांग्रेस का गढ़ था, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनावों में जीत के बाद अब इसका नेतृत्व उनके द्वारा किया जाता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमें यह जानकारी मिली है कि राहुल गांधी ने वायनाड में अपना चुनाव लड़ने के लिए आतंकी संगठन पीएफआई का समर्थन लिया था। जब आप पीएफआई के सन्दर्भ में दायर की गई चार्जशीट पढ़ेंगे तो आपको पता चलेगा कि संगठन ने हर जिले में हिंदुओं को मारने की योजना बनाई थी। बीजेपी नेता ने यह भी कहा कि राहुल गांधी को अमेठी के लोगों को बताना चाहिए कि वह हिंदुओं को मारने की योजना बनाने वाले पीएफआई की मदद क्यों ले रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने अमेठी के विकास के लिए काम किया है और अमेठी की जनता उन्हें आशीर्वाद देगी।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, बीजेपी कार्यकर्ता जानते हैं कि गांधी परिवार अमेठी से चुनाव लड़ने आएगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख नागरिकों को राशन भेजा, अगर गांधी परिवार नरेंद्र मोदी के खिलाफ है, तो 19 लाख नागरिक जिनको मुफ्त राशन मिल रहा है, गांधी परिवार उन परिवारों को क्या कहेगा ?... ईरानी ने राहुल गांधी पर अमेठी के लोगों की वफादारी का अपमान करने के लिए सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मैं कुछ दिन पहले वायनाड गई थी और मुझे जानकारी मिली कि राहुल गांधी ने वायनाड को अपना परिवार घोषित कर दिया है...कल एक कांग्रेस नेता ने कहा कि राहुल गांधी ने वायनाड को इसलिए चुना क्योंकि राहुल गांधी कहते हैं कि वायनाड के लोग अधिक वफादार हैं। तो फिर अमेठी की वफ़ादारी का क्या होगा ?

## बंगाल में चुनाव के बाद भी और तीन महीने तक तैनात रहे केंद्रीय बलः शुभेंदु अधिकारी



समाचार गेट ब्यूरो

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को मांग की कि राज्य में लोकसभा चुनाव के बाद भी और तीन महीने के लिए केंद्रीय बलों को तैनात रखा जाना चाहिए। अधिकारी ने निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्ति विशेष पर्यवेक्षक से मुलाकात करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि इससे चुनाव उपरांत हिंसा को रोका जा सकेगा जो 2021 के विधानसभा चुनाव और 2023 के पंचायत चुनाव के बाद देखने को मिली थी। उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में राज्यपाल सी.वी.आनंद बोस, राज्य के मुख्य सचिव और केंद्रीय गृह सचिव को पत्र लिखेंगे।

अधिकारी के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि यह उनकी 'पराजयवादी मानसिकता' दिखाती है। तृणमूल कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स'पर पोस्ट किया, ''शुभेंदु अधिकारी ने मांग की कि आदर्श आचार संहिता हटने के बाद भी केंद्रीय बलों को बंगाल में रहने की अनुमति दी जाए। वह किसी और से बेहतर जानते हैं कि उनकी पार्टी जर्जर स्थिति में है और भाजपा की बंगाल में कोई राजनीतिक पकड़ नहीं है। इसलिए, अपनी घटती प्रासंगिकता को बचाने का उनका एकमात्र विकल्प केंद्रीय बलों की तैनाती की अवधि को बढ़ाना है।'' अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के कुल 92 हजार जवानों को तैनात किए जाने की उम्मीद है जो किसी भी एक राज्य में सबसे अधिक है।

## कांग्रेस ने वोटों की राजनीति की, जबकि पीएम मोदी देश के विकास के लिए काम कर रहे है : नायब सैनी

### कांग्रेस ने सदा गरीबों का हक छीना और जनता को गुमराह किया : नायब सैनी

### मुलाना संकल्प रैली में कांग्रेस की गारंटी पर पर बोले नायब सैनी, गरीबों का हक छीनने वाली कांग्रेस पर अब कोई भरोसा नहीं करता



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़, 8 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी अंबाला के मुलाना में कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वोटों की राजनीति की है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने गरीबों का हक छीना है, इसलिए आज कांग्रेस के नेता झूठी गारंटी देते घूम रहे हैं। कांग्रेस को घेरते हुए नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के समय देश का अपमान होता था, पत्थरबाज हमारे जवानों पर पत्थरबाजी करते थे और कांग्रेस की सरकार चुप्पी साधे बैठी रहती थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश का सम्मान बढ़ाया है। पूरी दुनिया में मोदी के नाम का डंका बज रहा है। श्री सैनी सोमवार को मुलाना में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली को कैबिनेट मंत्री असीम गोयल और भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने भी संबोधित किया।

मंच पर पहुंचने पर नायब सैनी का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। अपने स्वागत के बाद मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से कहा कि सीएमओ हाउस आपका है, आप लोगों की जब मर्जी हो आ सकते हैं, किसी से पूछने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि आज मैं अपने परिवार के लोगों से मिलने आया हूं। उन्होंने कहा कि आप सभी एकजुट होकर 25 मई को बंतो कटारिया को प्रचंड बहुमत से जिताकर लोकसभा भेजें। यहां श्री सैनी ने यह भी कहा कि स्व. कटारिया ने अंबाला के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी। स्व. रतन लाल कटारिया के कामों को अब बंतो कटारिया तेजी से आगे बढ़ाएंगीं और आप लोगों की आवाज को लोकसभा में पहुंचाने का काम करेंगी।

नायब सैनी ने कहा कि विपक्ष के लोगों के पास चुनाव में कहने के लिए कुछ नहीं है, इसलिए वे दुष्प्रचार करने का काम कर रहे हैं। 55 साल शासन करने वाली कांग्रेस को गारंटियों का सहारा लेना पड़ रहा है। श्री सैनी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार काम करने वाली सरकार है, विकास करने वाली सरकार है। देश ने कल्पना भी नहीं की थी उससे अधिक विकास मोदी सरकार ने 10 साल में करके दिखाया है। कल्पनाओं से परे बेहतरीन सड़कें और रेलवे कनेक्टिविटी देकर सुगम यातायात की सुविधाएं दी है। नायब सैनी ने कहा कि 10 साल पहले अंबाला की हालत क्या थी, आप सभी लोग जानते हैं। 2014 के बाद का अंबाला भी आप देख रहे हैं। सहरसाबाद से जम्मू कटरा और 152डी से सड़कों का मिलाने का काम डबल इंजन सरकार ने किया है।

नायब सैनी ने कहा कि देश में अब एक ही गारंटी को लोग मान रहे हैं और वो गारंटी मोदी की गारंटी है। कांग्रेस ने अपने 55 साल के शासनकाल में देश को सिर्फ एक एम्स दिया। पीएम मोदी ने 10 सालों के शासनकाल में 23 नए एम्स दिए। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हुआ। 2014 से पहले हमारे जवानों के उपर पत्थरबाजी होती थी, कांग्रेस सरकार मूक दर्शक बनी रहती थी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कुशल नेतृत्व से अब ना तो पत्थरबाजी होती है और ना कहीं पत्थरबाज दिखाई देते हैं।

नायब सैनी ने कहा कि देश को प्रधानमंत्री मोदी पर गर्व है। पीएम मोदी ने देश की संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ संस्कारों को भी आगे बढ़ाया है। बाबा केदारनाथ, कांशी विश्वनाथ, महा कालेश्वर का जीर्णोद्धार और उज्जैन कारिडोर बनाकर भारत की संस्कृति का संरक्षण किया है। अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाकर उसमें रामलला विराजमान कर देश को राममय किया है। गुरू नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर करतापुर पहुंचना मोदी सरकार ने साकार किया है। नायब सैनी ने कहा कि भारत की विकास की गति को तेज गति से आगे बढ़ाना है, इसलिए आप सभी लोग एक-एक वोट कमल पर खुद भी डालें और दूसरों से भी डलवाकर विकसित भारत के संकल्प में सहयोगी बनें।

रैली को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री असीम गोयल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया है। हर घर नल से जल, गरीबों को पक्के मकान और उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन देकर धूआं से मुक्ति दिलाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने बिना भेदभाव के काम करते हुए इन 10 सालों में हर वर्ग का ध्यान रखा है।

भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने कहा कि स्व. रतन लाल कटारिया ने अंबाला लोकसभा क्षेत्र में काफी विकास कार्य कराए हैं। यहां की जनता स्व. कटारिया को चाहती थी। उन्होंने कहा कि आज स्व. कटारिया के बचे कामों और उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कमल का फूल देकर आप लोगों के बीच भेजा है। श्रीमती कटारिया ने कहा कि 25 मई को सभी लोग एकजुट होकर अंबाला लोकसभा में कमल का फूल खिलाकर विकसित भारत के मिशन में सहयोगी की भूमिका निभाएं।

इस मौके पर कैबिनट मंत्री असीम गोयल, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, विजय संकल्प रैली के आयोजक एवं पूर्व विधायक राजबीर बराडा, लोकसभा प्रभारी पवन सैनी, जिला अध्यक्ष मंदीप राणा, नीता खेड़ा, पूर्व जिला अध्यक्ष जगमोहन आनंद, जिला परिषद के चेयरमैन राजेशी लाड़ी, पूर्व विधायक संतोष सारवान, सुरेंद्र राणा, महामंत्री गोविंद सैनी, विवेक गुप्ता, ऋचा पावा, रमेश पाल, मोहित शर्मा, साहब सिंह, संजीव मिश्रा, जसपाल, डिंपल राणा, चारों मंडल अध्यक्ष अमित वालिया, जसविंद्र सिंह, संदीप, साहब सिंह, मोनिका कालरा आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने भाजपा से दिया इस्तीफा, 10 साल बाद फिर कांग्रेस में



समाचार गेट ब्यूरो

हरियाणा में प्रमुख भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से इस्तीफे की घोषणा की है और कहा है कि वह कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे। सिंह का कांग्रेस में शामिल होने का फैसला उनके बेटे बृजेंद्र सिंह के लोकसभा से इस्तीफा देने और भाजपा छोड़कर सबसे पुरानी पार्टी में शामिल होने के एक महीने बाद आया है। बीरेंद्र सिंह की पत्नी प्रेम लता, जो पहले हरियाणा में भाजपा विधायक थीं, ने भी सत्तारूढ़ दल से इस्तीफा दे दिया।

दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, बीरेंद्र सिंह ने कहा मैंने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और अपना इस्तीफा पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा को भेज दिया है। मेरी पत्नी प्रेम लता, जो 2014-2019 तक विधायक रहीं, ने भी पार्टी छोड़ दी है। कल हम कांग्रेस में शामिल होंगे। चार दशकों से अधिक समय तक कांग्रेस से जुड़े रहने के बाद बीरेंद्र सिंह लगभग 10 साल पहले भाजपा में शामिल हुए थे। राजनीति में प्रवेश करने के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृतति का विकल्प चुनने वाले 1998 बैच के आईएएस अधिकारी बृजेंद्र के हिसार से सांसद चुने जाने के बाद बीरेंद्र ने 2020 में उच्च सदन से इस्तीफा दे दिया।

पिछले महीने, हिसार के सांसद और बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और सबसे पुरानी पार्टी में शामिल हो गए थे। हिसार के सांसद ने अनिवार्य राजनीतिक कारणों का हवाला देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने इस्तीफे की घोषणा की। भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे की घोषणा के तुरंत बाद सिंह कांग्रेस में शामिल हो गये। भाजपा से इस्तीफा देने के बाद हिसार के सांसद ने कहा था कि भाजपा का दुष्यन्त चौटाला के नेतृत्व वाली जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के साथ गठबंधन करने का फैसला भी उनके पार्टी छोड़ने का एक कारण था।

पिता-पुत्र की जोड़ी ने अतीत में अक्सर विभिन्न मामलों पर भाजपा के रुख का विरोध किया था। 2020 में, उन्होंने अब निरस्त किए गए कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग करते हुए प्रदर्शनकारी किसानों के साथ गठबंधन किया। इसके अलावा, दोनों नेताओं ने उन पहलवानों के प्रति समर्थन जताया, जिन्होंने यौन उत्पीड़न के आरोपों के बीच भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था।




## उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा बल्क एसएमएस का खर्च : जिला निर्वाचन अधिकारी



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने लोकसभा आम चुनाव में प्रचार के दौरान उम्मीदवार द्वारा थोक में भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाएगा। प्रचार अवधि के दौरान वैकल्पिक निर्वाचन के प्रचार के लिए बल्क (थोक) में भेजे गए एसएमएस की जानकारी जिला प्रशासन व संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मिलने पर वह सेवा प्रदाता से इस पर हुए व्यय का अनुमान लगवाकर इसे उम्मीदवार के खाते में जोड़ देगा। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग के अनुसार मतदान संपन्न होने के लिए निश्चित किए गए समय की समाप्ति से 48 घंटे पहले तक की अवधि के दौरान राजनीतिक प्रकृति के थोक में एसएमएस भेजने पर प्रतिबंध होगा। जिला में प्रचार के दौरान मोबाइल सेवा प्रदाता सभी संबंधितों के नोटिस में ऐसे थोक एसएमएस की जानकारी मॉनिटरिंग टीम के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए गए हैं। चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण प्रक्रिया के साथ संपन्न करवाने के लिए भी आयोग ने निर्देश जारी किए हैं। चुनाव प्रचार के दौरान आपतिजनक एसएमएस भेजने वालों पर भी टीम की कड़ी नजर रहेगी। आपतिजनक एसएमएस की जांच के दौरान एसएमएस भेजने वाले का पता लगाकर उसके खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

# देश की अनूठी पहल की साक्षी बनी फरीदाबाद की धरती, मतदान के संकल्प के लिए एक साथ उठे साढे आठ लाख हाथ

**जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में स्वीप गतिविधियों के तहत आयोजित कार्यक्रम में ली गई शपथ**

**पूरे जिला में प्रातः 11 बजे एक साथ लिया गया शत प्रतिशत मतदान की ली गई शपथ**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** लोकतंत्र के महापर्व से पहले फरीदाबाद की धरती सोमवार को एक अनूठी पहल की साक्षी बनी। मौका था 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए शत प्रतिशत मतदान के संकल्प का। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह द्वारा की गई इस पहल में आठ लाख से ज्यादा लोग जुड़े। सभी ने एक साथ प्रात: 11 बजे अपने-अपने प्रतिष्ठानों, स्कूलों, कॉलेजों, उद्योगों, कार्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, पंचायत घरों और जहां भी जगह मिली वहीं पर इकट्ठा होकर शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। 18 वर्ष से ऊपर से नागरिकों ने जहां मतदान का संकल्प लिया तो स्कूली बच्चों ने अपने परिजनों व आस-पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने का प्रतिबद्धता दोहराई।

जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि जागरूकता अभियान के तहत जिला में सबसे ज्यादा औद्योगिक श्रमिक व कर्मचारी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि सोमवार को अभियान में पांच लाख औद्योगिक श्रमिकों ने एक साथ इकट्ठा होकर 25 मई को मतदान करने की शपथ ली। इसके बाद जिला के तीन लाख से ज्यादा सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के बच्चे इस अभियान में शामिल हुए। इनमें एक लाख से ज्यादा सरकारी स्कूलों के व डेढ़ लाख प्राईवेट स्कूलों के बच्चे शामिल थे। वहीं 33 हजार आटो चालक इस अभियान से जुड़े और सभी ने शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। 19 हजार से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, विभिन्न विभागों व पुलिस विभाग के 20 हजार से ज्यादा कर्मचारी, 1200 आंगनवाड़ी वर्कर और 1200 आशा वर्कर व एएनएम इस अभियान में शामिल हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला में प्रात: 11 बजे चला यह अभियान वास्तव में अनूठा रहा और प्रत्येक व्यक्ति ने इस अभियान से जुडक़र शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया।

**2019 के लोकसभा चुनावों में हुआ था मात्र 62 प्रतिशत मतदान, शहरी में 57 प्रतिशत ही रहा था मतदान**

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने सेक्टर-55 राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि पिछले लोकसभा चुनावों में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में मात्र 62 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया था। वहीं शहरों में तो यह संख्या 57 प्रतिशत ही रह गई थी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व होता है और यह प्रत्येक नागरिक का सबसे बड़ा अधिकार। ऐसे में लोगों को आने वाले लोकसभा चुनावों में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए जागरूक करना जरूरी था। इसी के तहत यह पहल की गई और जिला में बड़े स्तर जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि शुरूआत में कुछ स्थानों पर यह अभियान चलाने का विचार था लेकिन धीरे-धीरे लोगों ने विभिन्न उद्योगों, स्कूलों, कालेजों, आटो चालकों, महिला समूहों व अन्य वर्गों को जोड़ने का कार्य किया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि अभियान में आठ लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए।

**बच्चों ने ली परिजनों को मतदान केंद्र जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि शपथ अभियान में सबसे खास बात रही बच्चों का इस अभियान से जुड़ाव। उन्होंने बताया कि जिला में सवा लाख बच्चे राजकीय स्कूलों में पढ़ते हैं और तीन लाख 83 हजार बच्चे प्राइवेट स्कूलों में। उन्होंने बताया कि अभियान में तीन लाख से ज्यादा बच्चे शामिल हुए। स्कूलों में यह कार्यक्रम एक उत्सव की तरह आयोजित किया गया। सभी स्कूलों में बच्चों ने मतदान के लिए प्रेति करती पेंटिंग तैयार की और उनकी प्रदर्शनी भी लगाई। सभी बच्चों ने संकल्प लिया कि वह अपने परिजनों को मतदान केंद्र तक जरूर लेकर जाएंगे।

**श्रमिकों ने भी राष्ट्र हित में वोट देने का संकल्प दोहराया**

औद्योगिक शहर फरीदाबाद में मतदान शत-प्रतिशत करने के संकल्प कार्यक्रम में सबसे बड़ी हिस्सेदारी रही औद्योगिक श्रमिकों की। जिला में नौ लाख औद्योगिक श्रमिक हैं। अलग-अलग शिफ्ट में काम करने वाले इन श्रमिकों में से पांच लाख श्रमिक इस अभियान में शामिल हुए। सभी ने राष्ट्र हित में 25 मई को वोट देने का संकल्प लेते हुए अपने कार्यस्थल पर ही खड़े होकर मतदान का संकल्प लिया।

**महिलाएं भी नहीं रही पीछे, स्वयं सहायता समूहों, आशा व आंगनबाड़ी से जुड़ी महिलाओं ने लिया मतदान का संकल्प**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि मतदान के संकल्प के लिए महिलाएं भी पीछे नहीं रही। गांवों हो या शहर हर जगह शत प्रतिशत मतदान के संकल्प में महिलाएं बड़ी संख्या में भागीदारी करती दिखी। उन्होंने बताया कि अभियान में 19 हजार से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं शामिल हुई और 1200 से ज्यादा आंगनबाड़ी व 1200 से ज्यादा ही आशा वर्कर भी अभियान में शामिल हुई।

**संकल्प दिलाने के लिए पहुंचे सभी अधिकारी**

शत प्रतिशत मतदान के संकल्प के लिए सभी अधिकारी भी लोगों के प्रेरित करने के लिए अलग-अलग स्थानों पर पहुंचे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा ने सेक्टर-55 स्कूल में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलवाई। पुलिस आयुक्त राकेश आर्य ने आयुक्त कार्यालय सीईओ जिला परिषद सतबीर मान तिगांव, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बल्लभगढ़, सुषमा स्वराज कालेज में नायब तहसीलदार बल्लभगढ़, अग्रवाल कालेज में तहसीलदार भूमिका लांबा, एसडीएम फरीदाबाद राजकीय प्राईमरी स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्र सिही, एसडीएम बडख़ल अमित मान एनआईटी पांच राजकीय स्कूल में शामिल हुए।

# नरेंद्र जैन बने बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला बीजेपी की ओर से सेक्टर-18 ए निवासी समाजसेवी नरेंद्र जैन को बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर नरेंद्र जैन ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, विधायक नरेंद्र गुप्ता , सीएम के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड , अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी राजीव जैन व जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा का आभार व्यक्त किया है। इससे पहले नरेंद्र जैन फरीदाबाद विधानसभा मीडिया प्रभारी का दायित्व निभा रहे थे। उनकी नियुक्ति पर फरीदाबाद जैन समाज की ओर से दिगंबर जैन सभा अध्यक्ष मनीष जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, रतिराम जैन, पारस जैन, विकास जैन, धन कुमार जैन, वीके जैन, जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष शोभित अरोड़ा ने शुभकामनाएं दी।

# कर्मचारियों की समस्याओ के मुद्दे पर यूनियन नेताओं ने की गेट मीटिंग : लेखराज चौधरी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** आज डीएचबीवीएन सर्कल फरीदाबाद की सबडिवीजन ईस्ट के एस्कॉर्ट फर्स्ट कम्पलेण्ड सेन्टर सेक्टर-15 पर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन ने बिजली कर्मचारियों की धरातलीय समस्याओं के मुद्दे पर यूनिट के सचिव लेखराज चौधरी की मौजूदगी में गेट मीटिंग की । एचएसईबी वर्कर यूनियन के नेताओं ने मीटिंग में बिजली कर्मचारियों को फील्ड में काम करते समय ध्यान पूर्वक और सतर्क रहकर काम करने की सलाह दी। फरीदाबाद के निवर्तमान सर्कल सचिव सन्तराम लाम्बा एवम वर्तमान सर्कल सचिव विनोद शर्मा दोनों ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि हमारे तकनीक कर्मचारी दिन रात एक करते हुए बिजली के इस क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध करा रहे हैं । बावजूद इसके कि उन्हें समय समय पर महकमे से टी एंड पी किट्स (टूल्स व प्लास किट) तक प्राप्त नही होती और जो किट कर्मचारियों को मिलती भी है वह तीन महीने से ज्यादा दिनों तक नही चलती । ऐसे में कर्मचारी कैसे अपने काम को अंजाम देगा । इसके लिये यूनियन अपने एजेंडे के मार्फ़त बार बार डीमांड करती आ रही है । आगे आने वाला समय तपिश भरी गर्मियों का आ रहा है । जिससे बिजली के फाल्ट बढ़ने और आँधी तूफान से सप्लाई बाधित होती है । जिसे सुचारू करने में व बिजली की लाइन को ठीक ठाक करने में तकनीक कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत का सामना झेलना पड़ता है । इस मौके पर कपिल तक्षक, दीपक कुमार, मोनू सिंह, मुकेश धतीर, सोनू गोला, शौकीन, जसमेर, अमन, मुकेश, पवन, ऋषि, अजित, बलराज, राकेश, कुलदीप, राहुल, जय कुमार, संदीप, राकेश, अमित, सुशील, विक्रम, अमनदीप, दलबीर, विपिन, प्रदीप आदि भारी संख्या में बिजली कर्मचारी उपस्तिथ रहे।

# श्री राधे मित्र मंडल ने किया नि:शुल्क बृज धाम तीर्थ यात्रा का आयोजन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** श्री राधे मित्र मंडल बल्लभगढ़ द्वारा महिलाओं के लिए नि:शुल्क बृज धाम तीर्थ यात्रा का आयोजन किया गया। मंडल के प्रधान मोहित कुमार गुप्ता ने बताया कि यह बृज धाम तीर्थ यात्रा वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सहयोग से की गई। इस यात्रा में स्पेशल महिलाओं को शामिल किया गया था। यात्रा में सबसे पहले राधा रानी की जन्मस्थली रावल गांव में श्री राधा रानी के दर्शन किए। इसके अतिरिक्त यात्रा में रमन रेती, गोवर्धन, बरसाना भी गए। वीना गुप्ता के गाए भजन मुझे चढ़ गया राधा रंग पर सभी महिलाओं ने बहुत सुंदर डांडिया रास भी किया। यात्रा में सुबह का नाश्ता प्रसाद भूमिका सिंगला व रात्रि का भोजन प्रसाद आशेश्वर महादेव मंदिर की ओर से वितरण किया गया। यात्रा में प्रवीण मंगला, मनीष गोयल, शिवम वर्मा, विपुल गुप्ता, अनुराधा शर्मा, ईशान श्वेता, अंजू रोक्का, चंचल गुप्ता, पूजा गोयल, रेनू वर्मा, पूनम अग्रवाल, भावना गुप्ता, वन्दना त्यागी, रेखा सिंगला, सुधा तायल, मोनिका गुप्ता, पूजा तायल, अनुराधा, शीतल गुप्ता, ममता गर्ग, पूजा जोशी, प्रियंका सिरोही, गीता होलकर, रितु भटेजा, मिनाक्षी मंगला व आर्ची गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

# भारत भूषण ने अपनी टीम के साथ मांगा कृष्णपाल गुर्जर के लिए समर्थन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** बल्लभगढ़ के आर्य नगर में बीजेपी के युवा नेता भारत भूषण और उनकी पूरी टीम द्वारा जन-जन के विकास की पदयात्रा कर जनता जनार्दन से आशीर्वाद मांगा गया। इस दौरान जनता ने अथाह स्नेह, समर्पण एवं विश्वास दिखाते हुए फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कृष्ण पाल गुर्जर को 10 लाख से भी अधिक मतों से जिताने की हुंकार भरी। साथ ही राष्ट्र उत्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को 400 पार के लक्ष्य के साथ फिर एक बार जिताने का भरोसा दिलाया। पदयात्रा कर भाई भारत भूषण ने समाज के हर वर्ग से आदरपूर्वक भेंट कर उन्हें भाजपा को वोट देने की प्रार्थना की। साथ ही विकसित फरीदाबाद के साथ समृद्ध बल्लभगढ़ की दिशा में काम करने की इच्छाशक्ति दिखाई। उन्होंने कहा, हम केवल बल्लभगढ़ के विकास की बात नहीं करते हैं, बल्कि इस क्षेत्र के समग्र विकास के साथ लोगों की खुशहाली, समृद्धि एवं उत्तम जीवन प्रदान करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। आप सभी का ये अटूट स्नेह एवं विश्वास 4 जून को प्रचंड मतों के साथ फिर एक बार कमल खिलाने की गवाही दे रहा है। पदयात्रा में उपस्थित टीम भारत के सभी कर्तव्यनिष्ठ सहयोगी एवं साथियों द्वारा बल्लभगढ़ की देवतुल्य जनता से स्नेहिल भेंट कर उनकी सेवा में निरंतर मौजूद रहने का विश्वास दिलाया। माताओं-बहनों को सुरक्षा दिलाकर शक्ति के सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रतिज्ञा ली। सेवा सम्पर्क-हर दस्तक के तहत टीम भारत जन-जन तक पहुंचकर भाजपा की प्रचंड जीत के लिए समर्पित है। साथ ही जनसेवा से राष्ट्रसेवा के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी तरह प्रयासरत है। इस पदयात्रा में भारत भूषण जी के साथ बल्लभगढ़ विधानसभा के रमेश, अजय यादव, श्रीभगवान, सोनू शर्मा, पुष्पेन्द्र त्यागी, सुशील सेंगर, धर्मवीर कौशिक जी, संजय सैनी, आशीष भारद्वाज, राजकुमार राणा, रघु, भाई पप्पू, सतेंद्र चौधरी के साथ साथ साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा में भारत भूषण के साथ हिस्सा लिया कृष्णपाल गुज्जर के लिए वोट मांगा।

# फेरे और फिर निकाह, ऐसे हुई थी शिवम दुबे की शादी



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज शिवम दुबे और उनकी पत्नी अंजुम खान की। इस कहानी में दोनों का प्यार और समर्पण है। उन्होंने क्रिकेट के मैदान में ही नहीं, बल्कि अपने जीवन में भी साथ निभाया। यह कहानी हमें यह सिखाती है कि प्यार और समर्पण ही सच्ची सफलता की कुंजी होती है।

शिवम और अंजुम की शादी

शिवम की लव स्टोरी तो ऐसी है, जिसकी किसी को भी कानों कान खबर तक नहीं हुई थी। लगभग एक साल से एक दूसरे को डेट कर रहे शिवम और अंजुम ने 16 जुलाई 2021 में शादी कर ली थी। जहां एक ओर दुबे हिन्दू परिवार से हैं तो वहीं अंजुम मुस्लिम परिवार से, लेकिन फिर भी इनकी प्यारी सी लव स्टोरी सफल रही और आज इनका एक बेटा भी है।

एक दूसरे को सम्मान दें

किसी भी रिश्ते की नींव इस बात भी टिकी होती है कि आप एक दूसरे को कितनी रिस्पेक्ट देते हैं। आपका अपने पार्टनर की बातों को सुनना, उनके फैसले को सुनना- समझना और इस के साथ ही एक दूसरे की फैमिली को भी सम्मान देना, ये सभी बातें दिखती हैं कि आप अपने पार्टनर से कितना प्यार करते हैं। जब आप अपने पार्टनर को खुद पर भरोसा दिलाने में कामयाब रहेंगे तभी तो वो भी अपने घर वालों से भी आपके लिए कहने और लड़ने में के लिए तैयार होंगे।

एक दूसरे के धर्म का सम्मान करें

जिस तरह शिवम और अंजुम एक दूसरे के रिलिजन को बराबर मानते हैं और रिस्पेक्ट करते हैं, अगर आप भी इंटरफेथ मैरिज कई रहे हैं तो इस कपल तरह एक दूसरे के धर्म और आस्था का सम्मान करें। अगर आप अपने पार्टनर की धार्मिक भावनाओं, त्यौहारों, स्थलों आदि अभी चीजों को रिस्पेक्ट देते हैं तो आपकी लव स्टोरी शादी में भी बदलने की उम्मीद ज्यादा हो जाती है। लेकिन इस बात का भी ध्यान रखें कि पार्टनर के रिलीजन के साथ अपने धर्म को भी ना भूलें। उसे भी उतना ही सम्मान दें। इससे आप दोनों के बीच ट्रस्ट बढ़ेगा, रिश्ते में मजबूती आएगी और समाज पर भी पॉजिटिव असर पड़ेगा।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# लैब में तैयार होंगे पौधों के 'क्लोन'



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** दिल्ली से लुप्त हो रहे स्थानीय पौधों को बचाने के लिए असोला भाटी वाइल्डलाइफ सेंक्चुरी में वन विभाग टिशू कल्चर लैब बनाने जा रहा है। इसका मकसद पौधों की प्रजातियों के संरक्षण के साथ ही पर्यावरण की रक्षा करना है। इस लैब में उन प्रजातियों के पौधों को रीजनरेट किया जाएगा, जो आसानी से नहीं मिल रहे हैं।

**कीकर की वजह से नहीं बच पाते पौधे**

वन विभाग के अधिकारी के अनुसार अरावली व रिज क्षेत्र में विलायती कीकर की अधिकता की वजह से कुछ पौधों की प्रजातियों को बचाना चुनौती बनता जा रहा है। वन विभाग के अडिशनल चीफ कंसर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट सुनीश बक्शी ने बताया कि विलायती कीकर की वजह से यह प्रजातियां पनप नहीं पा रही हैं। ऐसी प्रजातियों की एक लिस्ट भी डिपार्टमेंट ने तैयार की है। इसमें हिंगोट, खैर, बिस्टेंदु, सिरिस, पलाश, चमरोड, दूधी, धऊ, देसी बबूल और कुलु आदि शामिल हैं।

**साइंटिस्ट्स करेंगे मदद**

वन विभाग के एक अधिकारी के अनुसार इस लैब को बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है। अगर बिडर नहीं आए तो सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग से इस लैब को बनाने को कहा जाएगा। लैब के लिए बोटेनिस्ट और फॉरेस्ट स्टाफ की जरूरत होगी। इस काम में विभाग इंडियन काउंसिल ऑफ फॉरेस्ट्री रिसर्च एंड एजुकेशन (ICFRE) और देहरादून के फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफआरआई) के बोटेनिस्ट और साइंटिस्ट्स की मदद लेगा। लैब तैयार होने के बाद बड़े पेड़ों के प्लांट टीशू को निकाला जाएगा और इनसे कई पौधे तैयार किए जाएंगे। हालांकि बायोडायवर्सिटी एक्सपर्ट के अनुसार यह प्रक्रिया सिर्फ उन पौधों के साथ होनी चाहिए जो काफी कम रह गए है। इकोलॉजिस्ट विजय दशमाना के अनुसार टीशू से पौधे बनाना एक तरह का क्लोन तैयार करना है। वहीं वन विभग के अनुसार पौधों को लगाने से पहले यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन पौधों में क्लोनिंग स्टेज पर कोई वायरस या बीमारी न हो।

# विद्यार्थियों को कराया योगाभ्यास



**समाचार गेट/रोबिन माथुर**

**हथीन।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल के तत्वाधान में योग विज्ञान चिकित्सा शिविर का आयोजन दिल्ली पब्लिक स्कूल बामणी खेड़ा के प्रांगण में योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में गायत्री माहमंत्र के उपरांत शुभारंभ हुआ। शिविर की अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल हरीश सचदेवा ने की तथा संयोजन धर्मेंद्र सिसोदिया कोऑर्डिनेटर डीपीएस स्कूल ने किया। मंच संचालन श्रीमती गीता पीटीआई ने किया। इस अवसर पर योगाचार्य गुरुमेश सिंह ने शिविर के दौरान योगासन में ताड़ासन, त्रिकोणासन, उत्कटासन, वृक्षासन , गोमुखासन, पद्मासन, वधपद्मासन, उठितपद्मासन, पश्चिमोत्तानासन, सुपतासन, गर्भासन, कुकटासन, एकपद सेकंधासन, वज्रासन, शवासन व उल्टा लेटने वाले आसनो मे भुजंगासन, नोकासन, धनुरासन, एक पद धनुरासन ,सलभासन सीधे लेटने वाले आसन में सर्वांगासन, उत्तानपादासन, हलासन, चक्रासन, सूक्ष्म व्यायाम में योगिंग, जॉगिंग सिकंद कटी चालन, गिरवा चालन आदि के साथ ध्यान योग कराया गया ।साथ ही सूर्य नमस्कार कराया गया। प्राणायाम में भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी ,उदगीद, उज्जाई ,शीतली, शितकारी आदि कराए गए। प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा होने वाले उपचार मिट्टी पानी धूप हवा यह सब रोगों की दवा के द्वारा उपचार मानव शरीर पर होने वाले लाभ भी बताए गए । आदर्श स्वास्थ्य की दृष्टि से अंकुरित आहार में मिला-जुला मोटा अनाज मे जो, चना, गेहूं, मकई, रागी, सोयाबीन, मूंग, मौठ, बाजरा, ज्वार आदि के प्रयोग से होने वाले मानव शरीर में प्रभावशाली लाभ होता है। योगाचार्य गुरमेश सिंह के साथ गए उज्जवल बाल योगी ने भी आकर्षक व कठिन मुद्राओं के द्वारा लोगों को ताली बजाने के लिए मजबूर करके मगध मुक्त कर दिया। इस उपलबधि पर उनको स्कूल प्रिंसिपल हरिश सचदेवा ने सम्मानित भी किया । शिविर के दौरान गरिमा में उपस्थित स्कूल के स्टाफ अभिभावक व छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर योग शिविर में हिस्सा लिया।

# माचिस की तीली मांगी, घोंप दिया चाकू, युवक की मौत


**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के तिमारपुर इलाके में माचिस की तीली मांगने पर हुए विवाद में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 21 वर्षीय अंशुल के रूप में हुई है। घटना के समय अंशुल के साथ उसका दोस्त वरुण मौजूद था। घटना की जानकारी मिलने पर तिमारपुर थाने की पुलिस क्राइम सीन पर पहुंची। अंशुल को पास के अस्पताल में खून से लथपथ हालत में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चश्मदीद दोस्त के बयान के आधार पर ही पुलिस ने हत्या और धमकी के तहत मामला दर्ज कर कुछ ही घंटों में दो नाबालिगों को पकड़ लिया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है।



पुलिस के मुताबिक, 21 वर्षीय अंशुल परिवार के साथ जगतपुर एक्सटेंशन इलाके में रहते थे। घर में मां हैं और दिव्यांग पिता जोगिंदर हैं। एक बड़ा भाई है और एक बहन है। बहन की शादी हो चुकी है। पुलिस को जांच में पता चला कि अंशुल दो बाइक पर वरुण समेत अपने चार दोस्तों के साथ घूमते हुए पहले मजनूं का टीला पहुंचे। उसके बाद तिमारपुर इलाके में डाकखाना के पास गए जहां संजय बस्ती रोड पर किसी का ऑटो पार्क था।

एसीपी नीरव पटेल के सुपरविजन में एसएचओ प्रदीप, इंस्पेक्टर पंकज, एसआई मोहित, एएसआई राधे किशन और अन्य पुलिसकर्मी मोके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चेक किया। मंदिर के पास एक फुटेज मिली। उस फुटेज में दिखे आरोपियों में से एक को स्थानीय लोगों ने पहचान कर पुलिस को बता दिया। फिर कुछ देर बाद ही एक आरोपी को पकड़ लिया गया। उसकी निशानदेही पर दूसरा नाबालिग भी पकड़ा गया। डीसीपी नॉर्थ मनोज कुमार मीना के मुताबिक, घटना को लेकर चश्मदीद वरुण का बयान दर्ज किया गया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों में एक पहले भी जघन्य अपराध में शामिल रह चुका है।



# मेले के बहाने भाजपा पर बरसे कांग्रेस नेता मनधीर मान



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** सिहोल गांव में फूलडोर का मेला हर वर्ष की भांति इस बार भी बड़े ही हर्सोउल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। मेला में मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनधीर मान पहुँचे इस दौरान मेले के बहाने कांग्रेस नेता ने फरीदाबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर पर जमकर निशाना साधा और लोगों से कांग्रेस को वोट देने की अपील की ।होली के त्योहार के बाद सिहौल गांव में हर वर्ष मनाया जाने वाला फूलडोर मेला वर्षों से चला आ रहा है फूलडोर मेले में सिहौल गांव के ग्रामीणों के अलावा आसपास के हजारों ग्रामीण हिस्सा लेते हैं और मेले का लुप्त उठाते हैं। सिहौल गांव के सरपंच के प्रतिनिधि एडवोकेट वीरेंद्र गहलोत ने मेले के इतिहास के बारे में जानकारी देते हुए बताया की यहेले 400 वर्षों से भी अधिक समय से लगता आ रहा है जो चैत्र माह की अमावस्या को प्रत्येक वर्ष आयोजित होता है। उन्होंने बताया की मान्यताओं के अनुसार हमारे गांव में दादा बगीची वाले महाराज हुए थे जिनकी कृपा न केवल सिहौल गांव बल्कि आसपास के गावों पर आज भी रहती है। यह मेला उन्ही के समय से चला आ रहा है और उनके बाद गांव में कई सौ वर्षों बाद भी इस मेले की परंपरा लगातार चलती आ रही है। उन्होंने बताया की गांव में दादा बगीची वाले का प्रसिद्ध मंदिर है जहां वैसे तो प्रत्येक ग्रामवासी हर दिन पूजा अर्चना करता है लेकिन इस मेले की दिन सभी ग्रामीण विशेष पूजा अर्चना करते हैं और ग्रामीणों की सभी अरदास जो दादा बगीची वाले से की जाती है वो अवस्य पूर्ण होती है। बिरेंद्र गहलौत ने बताया की पहले मेले में चौपाइयों का आयोजन होता था लेकिन अब चौपाइयों की परंपरा तो खत्म सी होती जा रही है इसलिए अबकी बार रागनी कलाकारों के माध्यम से मेले का आयोजन किया है जिसमें मशहूर लोक गायक नरदेव बैनीवाल एंड पार्टी ने महापुरुषों के जीवन पर आधारित चौपाई, जिक्री व देशभक्ति रागनी प्रस्तुत की। इस दौरान ग्रामीणों व आसपास से आए महिला पुरुषों ने जमकर जहां मेले का आनंद लिया वहीं उन्हें संस्कृति की भी बेहतरीन झलक मिली। फूलडोर मेले में पहुँचे मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनधीर मान का फूल मालाओं के साथ पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान मेले के बहाने कांग्रेस नेता ने फरीदाबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर पर जमकर निशाना साधा और लोगों से कांग्रेस को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार ने देश-प्रदेश में बहुत घोटालें किये हैं। देश की बहुत सी संपतति को निजी हाथों बेच डाला है। महंगाई ओर बेरोजगारी चरम सीमा पर हैं। युवा बेरोजगार हैं धर्म के नाम पर राजनीति की जा रही हैं देश को डूबने से बचाना है तो कांग्रेस को वोट करना होगा। भाजपा वाले ईडी व सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरूपयोग कर विपक्ष के मुख्यमंत्रियों को जेल में डालकर तानाशाही का परिचय दे रहे हैं। कृष्णपाल गुर्जर के आतंक से फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र को बचाना है। ताकि देश-प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बने और हर वर्ग खुशहाल हो।

## सूबेदार के खाते से उड़ाए एटीएम ठगों ने 48 हजार रुपए

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** देश की सेवा कर रहे फौज में सूबेदार की पत्नी के साथ धोखाधड़ी कर एटीएम कार्ड बदल कर ठगों ने 48 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने सूबेदार की शिकायत पर अज्ञात ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद ठगों की पहचान कर जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। होडल थाना प्रभारी मौहम्मद इलियास के अनुसार, सेवली गांव निवासी गंगाराम सूबेदार ने दी शिकायत में कहा हैं कि उसकी पत्नी होडल के जगजीवन राम चौक स्थित एटीएम बूथ पर दस हजार रुपए निकालने के लिए गई थी। उसी दौरान वहां दो अनजान युवक एटीएम बूथ में आ गए और उसकी पत्नी से धोखाधड़ी कर अपने एटीएम कार्ड से उसका एटीएम कार्ड बदल दिया। उसकी पत्नी जब एटीएम मशीन से पैसे निकाल रही थी तभी उक्त आरोपियों ने उसका एटीएम पिन नंबर देख लिया। उसके बात उक्त लोगों ने उसके खाते से दस-दस हजार रुपए चार बार एक्सीस बैंक की फरीदाबाद बस स्टेंड स्थित एटीएम मशीनों से निकाले व आठ हजार रुपए अन्य जगह से निकाल लिए। पीड़ित सूबेदार के खाते से ठगों ने 48 हजार रुपए निकाल लिए, जब उसे इसका पता चला तो उसने एटीएम कार्ड को बंद करा दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत बैंक अधिकारियों से भी की, जो कार्रवाई कर रहे है। पीड़ित ने लिखित शिकायत देकर होडल थाना पुलिस से प्रार्थना की है कि उसके ठगे हुए पैसों को वापस दिलाया जावे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एटीएम बूथों में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग के आधार पर ठगों की पहचान शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही ठगों को गिरफ्तार कर पीड़ित के पैसे वापस दिलवा दिए जाऐंगे।




## संपादकीय

# क्यों बार-बार अदालतों से फटकार खाती है ममता सरकार



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

देश में पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य बन गया है जहां बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर अदालतों की सर्वाधिक फटकार और निर्देशों का सामना करना पडा है। अराजकता की ऐसी हालत एक दशक पहले तक कभी उत्तर प्रदेश और बिहार की हुआ करती थी। पश्चिम बंगाल में एक प्रदर्शन के दौरान सत्तारुढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तत्कालीन कांग्रेस नेता ममता बनर्जी के साथ जब बदसलूकी करी थी। इस पर ममता ने कम्युनिस्ट सरकार को उखाड़ फेकने की शपथ ली थी। ममता ने हिंसा और अराजकता से गुजर रहे बंगाल को कम्युनिस्टों से मुक्ति दिलाई। कम्युनिस्टों के खिलाफ जिस आंदोलन से ममता ने सत्ता की सीढियां चढ़ी अब अपने विरोधियों को परास्त करने के लिए ममता ने वही रास्ता अपना लिया है। संदेशखाली की घटना के बाद हाईकोर्ट ने जिस तरह की टिप्पणी ममता सरकार के खिलाफ की है, उससे जाहिर है कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था रसातल में जा रही है। ममता की पार्टी तृणमूल का एकमात्र उद्देश्य रह गया है अपने विरोधियों की आवाज बंद करना, इसके लिए चाहे गैरकानूनी तरीकों का इस्तेमाल ही क्यों न करना पड़ा। संदेशखाली मामले को लेकर आज कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल के प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी टीएमसी को भी बेहद तल्ख लहजे में फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि अगर संदेशखाली मामले में एक प्रतिशत भी सच है तो प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसकी जिम्मेदार है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला बेहद शर्मनाक है। अदालत ने कहा कि हर नागरिक की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। कोर्ट ने कहा कि संदेशखाली मामले में जिला प्रशासन और पश्चिम बंगाल सरकार को खुद से नैतिक जिम्मेदारी लेना चाहिए। इतना ही नहीं कोर्ट ने कहा कि अगर इस मामले में एक प्रतिशत भी सच्चाई है तो यह शर्मनाक है और पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसके लिए नैतिक तौर पर 100 प्रतिशत जिम्मेदार हैं।

कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टीएस शिवज्ञानम ने तल्ख लहजे में कहा कि अगर इसका एक भी एफिडेविट सही है तो यह शर्मनाक है। यह लोगों की सुरक्षा का मामला है। चीफ जस्टिस ने कहा कि अगर आप एससी-एसटीनेशनल कमीशन की रिपोर्ट देखेंगे तो उसमें अगर एक फीसदी भी सच है तो ये 100 फीसदी शर्मनाक है। वहीं इस दौरान एक अन्य जनहित याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस मामले में गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए। सुरक्षा कारणों से कोई भी महिला अदालत में गवाही देने नहीं आई। एक अन्य याचिकाकर्ता की वकील प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि उनके पास अनेक महिलाओं ने यौन उत्पीडन.की शिकायत की है। ये लोग कह रहे हैं कि अगर महिलाओं ने बयान दिया तो उनके पति-बच्चों का सिर काटकर फुटबाल खेलेंगे। राज्य की ओर से वकालत करते हुए महाधिवक्ता (एजी) ने कहा कि हमें देखना होगा कि संदेशखाली में क्या हुआ। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। सुप्रीम कोर्ट ने भी सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता कहा था। सभी पक्षों की बातें सुनने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने शाहजहां के वकील से सख्त लहजे में कहा कि आप एक आरोपित की ओर से सवाल पूछ रहे हैं। सबसे पहले अपने आस-पास की परछाइयों से छुटकारा पाएं। इसके बाद दूसरे लोगों की शिकायतों के बारे में बात करें। अगर हलफनामे में एक भी आरोप सच है तो वह भी शर्मनाक है। सरकार कहती है कि यहां महिलाएं सुरक्षित हैं। यदि हलफनामे में कोई आरोप साबित हो जाता है, तो ऐसे सभी दावे झूठे होंगे। हालांकि, सुनवाई पूरी होने के बाद भी हाईकोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। संदेशखली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के मास्टरमाइंड और तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख ने कहा था कि वह राजनीतिक साजिश का शिकार है। उसके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। उसे जानबूझकर फंसाया जा रहा है। पूछताछ के दौरान शाहजहां ने पांच जनवरी को संदेशखाली में केंद्रीय एजेंसी कर्मियों पर हमला करने वालों के साथ किसी भी तरह के संबंध से इन्कार किया था। शाहजहां ने अधिकारियों से कहा था कि वह इस हमले की दिल से निंदा करता है और चाहता है कि हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिले।

# सोमवार को कनीना मंडी में सरसों बेचने वाले किसानों की लगी ढाई किलोमीटर लंबी लाईन

### पुलिस कर्मचारियों ने बनाई सुचारू यातायात की व्यवस्था

### आज मंगलवार से होगी रोस्टरवाईज खरीद







**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** सोमवार को कनीना मंडी में सरसों बेचने आए किसानों के वाहनों की करीब ढाई किलोमीटर लंबी लाईन लग गई। मंडी गेट,चेलावास से लेकर कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग पर उन्हाणी के समीप तक लगी लाईन को लेकर वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पडा। सडक जाम की समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए पुलिस कर्मचारी पसीना बहाते रहे। सुबह से ही सरसों से भरे ट्रैक्टर-ट्राली,पिकअप आने से लंबी कतार लग गई। जिससे कनीना-अटेली मार्ग रेलवे क्रासिंग फाटक के समीप कई बार सडक जाम के हालात बने। जिसे डायल 112 पर कार्यरत पुलिस कर्मचारियों ने मौके पर पंहुचकर यातायात व्यवस्था बहाल कराई। सोमवार को करीब 25 हजार क्विंटल सरसों की खरीद की गई।

इस बारे में मार्केट कमेटी सचिव नकुल यादव ने बतया कि मंडी के एंट्री गेट पर सरसों के गेट पास जारी कर दो सरकारी कांटो पर वजन किया जा रहा है। जिससे एकसाथ दो वाहन क्लीयर हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुबह 8 बजे से सायं 4 बजे तक किसानों को गेटपास जारी किए जा रहे हैं। खरीद एजेंसी किसानों की सरसों का दाना-दाना खरीदने के लिए प्रयासरत है। मंडी में किसानों की बढती संख्या को देखते हुए एसडीएम की सहमति से रोस्टर व्यवस्था लगाू की गई है। जिसके मुताबिक 8 क्विंटल प्रति एकड के हिसाब से एक किसान अधिकतम 25 क्विंटल सरसों समर्थन मूल्य पर बेच सकेगा। लागू की गई रोस्टर व्यवस्था के मुताबिक आज 9 अप्रैल को अगिहार, दोंगडा अहीर, गोमली, गुढा, झाडली, झिगावन गावों के किसानों की खरीद की जाएगी। इसी प्रकार 10 अप्रैल को बेवल, भडफ, चेलावास, छितरोली, ढाणा व केमला 11 को बागोत, दोंगडा अहीर, गाहडा, गोमला, कलवाडी, कपूरी, 12 को भोजावास, धनौंदा, ईसराना, ककराला, कनीना व करीरा के किसानों की सरसों खरीदी जाएगी। 13 अप्रैल को उक्त गावों के बचे हुये किसान फसल बेच सकेगें।

खरीद अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी ओर से एक अप्रैल को 4525 क्विंटल,दो को 9206 क्विंटल,तीन को 12140 क्विंटल, 4 को 10280 क्विंटल,5 को 10732, 6 अप्रैल को 12264 क्विंटल तथा 8 अप्रैल को करीब 25 हजार क्विंटल सरसों की खरीद की गई। खरीदी गई सरसों में से 22 हजार क्विंटल का उठान कर स्टेट वेयर हाऊस के गोदाम में रखवाया गया है। सरसों की खरीद 5650 रूपये की दर से की जा रही है। जिसका भुगतान किसानों को डीबीटी के माध्यम से 72 घंटे के दौरान किया जा रहा है।

**मार्केट प्रशासन हुआ सख्त तो व्यापारियों ने लगाए आरोप**

मार्केट कमेटी प्रशासन की ओर से मंडी में आने वाले किसानों को कांटे सहित जो बुनियादी सुविधाएं दी गई वे कुछ लोगों को रास नहीं आ रही हैं जिसके चलते वे कभी धर्मकाटें के वजन में कमी निकाल रहे तो कुछ मंडी सुपरवाइजर व चतुर्थ श्रेणी कर्मी पर किसानों से रिश्वत लेने जैसे आरोप जड़ रहे हैं। इन सब आरोपों की तह तक जाने का प्रयास किया तो मामला कुछ अलग ही निकला। मार्केट कमेटी सचिव नकुल यादव ने बताया कि बीते समय मंडी के व्यापारियों नरेंद्र कुमार, सुनील कुमार, रमेश कुमार, श्रीभगवान सरसों तथा औम फीड मिल व पशु रतन फीड केयर की ओर से मक्का फसल पर कुल 10190 रूपये मार्केट फीस की चोरी की जा रही थी। जिसे लेकर उनके नोटिस जारी किए गए थे।

उनसे 10710 रूपये जुर्माने के साथ मार्केट फीस चोरी की वसूली की गई थी। मार्केट कमेटी की इस कार्रवाई को लेकर व्यापारी कर्मचारियों पर आरोप लगा रहे हैं। इतना ही नहीं मार्केट कमेटी के रिकार्ड के मुताबिक मंडी में रजिस्ट्रड 62 व्यापारियों में एक्टिव रहे 23-24 व्यापारियों के गोदामों की चैकिंग करने के लिए सचिव ने नोटिस जारी किया हुआ है। जिससे वे तिलमिलाए हुए हैं। 6 अप्रैल को जारी किए नोटिस का जवाब नहीं मिल सका है। सचिव ने बताया कि 27 व्यापारियों के स्टॉक पोजिशन की जानकारी मांगी गई है। जिसके चलते उन्होंने कनीना में बने अपने गोदाम में सरसों रखने के बजाए अब गावों में स्टॉक करने सूचना मिल रही है। जिस पर छापेमारी कर भंडाफोड किया जाएगा।

# वीसी में लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** लोकसभा चुनाव-2024 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शानतिपूर्ण ढंग से कराने और आदर्श आचार संहिता का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों से साथ अंतरर्राज्यीय समवन्य को लेकर जिला अलीगढ़, उत्तर प्रदेश के जिला निर्वाचन अधिकारी एंव जिलाधीश विशाख जी. के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की। वीसी में दोनों जिलों के अधिकारियों ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए एक-दूसरे का सहयोग करने तथा निरंतर समवन्वय स्थापित करने, किसी भी गैर कानूनी गतिविधि की सूचना सांझा करने सहित संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने कहा कि दोनों प्रदेशों में लोगों का बड़ी संख्या में आवागमन रहता है, इसलिए सीमा के साथ लगते क्षेत्रों में पुलिस पैट्रोलिंग व नाका चेकिंग निरंतर की जाए। चुनाव के दौरान अवैध शराब व नकदी जैसी गतिविधियों की संभावना रहती है। इन गतिविधियों पर निरंतर नजर रखकर उन्हें रोका जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा. अंशु सिंगला, एसडीएम नरेंद्र कुमार, एसडीएम होडल रणबीर सिंह, सीटीएम अप्रतिम, डीईटीसी शोभिनी माला आदि मौजूद रहे।

# ढाणा का अनमोल सीपीओ की परीक्षा उत्तीर्ण कर बना सब इंस्पेक्टर



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खंड के गांव ढाणा निवासी अनमोल यादव ने सीपीओ की परीक्षा उत्तीर्ण कर दिल्ली पुलिस में सब इंसपेक्टर की नोकरी प्राप्त करने पर परिजनों तथा ग्रामीणों ने खुशी जताई है। अनमोल यादव ने बताया कि अधिवक्ता रामनिवास शर्मा के मार्गदर्शन में उन्हें ये सफलता हासिल हुई है। अनमोल की बहन विश्वविद्यालय से स्कॉलरशिप पर पीएचडी कर रही है। एक किसान के घर में पैदा हुआ अनमोल अपनी मेहनत के बूते पर इस मुकाम तक पंहुचा है। उनकी नियुक्ति पर सत्यवीर जांगडा,एडवोकेट ओपी यादव, कुलदीप सिंह, पुरूषोत्तम यादव,ने खुशी जताई है।

# घर में घुसकर मां-बेटे पर लाठीं-डंडों से जानलेवा हमला

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** शहर थाना क्षेत्र में घर में घुसकर नौ लोगों ने मां-बेटे को लाठी, डंडों व लात-घूसों से मारपीट कर गंभीर रुप से घायल करने व घर पर ईंट-पत्थर फैंकने का मामला प्रकाश में आया है। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नौ के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर थाना प्रभारी राजेश कुमार के अनुसार, संजय कॉलोनी निवासी शाहिद ने दी शिकायत में कहा है कि वह डेरी चलाता है। पीड़ित अपनी मां के साथ घर पर था, उसी समय शोकिन, तोसिम, तौफिक उर्फ मुल्ला व शाकिर हाथों में लाठी, डंडा लेकर उनके घर में घुस आए और शोकिन ने उसे पकड़ लिया और अन्य ने उसके साथ लात-घुसों से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान आरोपियों ने फोन कर आरिफ, इस्ताम, इकबाल, मुस्तकिम व इसमान को बुला लिया। आरोपी जब उसके साथ मारपीट कर रहे थे तो उसे बचाने के लि उसकी मां आई तो आरोपियों ने उसकी मां को लात घुसे मारकर धक्का देकर दूर फैंक दिया। जिससे उसकी मां के कुल्हे की हड्डी टूट गई। इसी दौरान शोर सुनकर उसकी पत्नी व अन्य परिजन व आस पड़ोस के लोग भी मौके पर आ गए। लोगों को देख आरोपी उन्हें घायल करने के बाद जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। इसके बाद सभी आरोपी उनके पड़ोस में ही स्थित अपने मकान की छत्त पर चढ़ गए और उनके घर पर ईट-पत्थर फैंकने शुरू कर दिए। जिससे पीडितों ने बड़ी मुशकिल से घर में छुपकर अपनी जान बचाई। पीड़ित का कहना है कि उनका आरोपियों से कोई विवाद नहीं था, वे क्यों उनके घर में घुसे और क्यों मारपीट की उसके बारे में उसे कुछ जानकारी नहीं है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नौ नामजद के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रेलवे फाटक की मरम्मत चलते आज 12 बजे तक बाधिक रहेगा सडक मार्ग

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-अटेली सडक मार्ग पर रेवाडी-बीकानेर रेलवे क्रासिंग फाटक पर वार्षिक मरम्मत कार्य के चलते 9 अप्रैल को दोपहर 12 बजे तक सडक मार्ग बाधित रहेगा। रेल पथ के वरिष्ठ सेक्सन इंजीनियर महेंद्रगढ ने बताया कि आपात मरम्मत के चलते वाहन चालक इस दौरान वैकलपिक मार्ग अपनाएं।

# डॉ.एलसी जोशी हो सकते हैं भिवानी-महेंद्रगढ़ लोस क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के उम्मीद्वार

## स्क्रीनिंग कमेटी की ओर से अहीर, जाट व ब्राह्मण प्रत्याशी को लेकर किया जा रहा मंथन



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** भिवानी-महेंद्रगढ लोकसभा चुनाव क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी की ओर से क्षेत्र के प्रसिद्व समाज सेवी एवं वरिष्ठ नेता डॉ. एलसी जोशी उम्मीद्वार हो सकते हैं। जो अटेली हलके के प्रसिद्व गांव राताकलां से ताल्लुक रखते हैं। कांग्रेस पार्टी स्क्रीनिंग कमेटी की ओर से उनके नाम पर गहनता से मंथन किया जा रहा है। माना जा रहा है कि इस क्षेत्र से महेंद्रगढ के विधायक राव दान सिंह,पूर्व सांसद श्रुति चैधरी व डॉ. एलसी जोशी का नाम दौड में है।

टिकट विरतण के लिए आगामी 12 अप्रैल को कांग्रेस केंद्रीय समिति की बैठक बुलाई गई है जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी से एक नाम का प्रस्ताव भेजने को कहा गया है। अब पीसीसी जातिगत तथा भौगौलिक आकडों का जोडतोड करने में जुटी हुई है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी हरियाणा में ब्राह्मण समुदाय को उचित प्रतिनिधित्व देने पर विचार कर रही है। वैसे भी जेजेपी की ओर से नांगल चैधरी के पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह को चुनाव मैदान में उतार कर अहीर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया है। कांग्रेस पार्टी राव दान सिंह को चुनाव मैदान में उतारती है तो अहीर मतदाता के वोट बंटने के आसार बनते दिखाई दे रहे हैं। उनके बेटे अक्षतराव पर करोडों रूपये की धोखाधडी के आरोप हैं। जिससे उनकी छवि धूमिल हुई है।

श्रुति चैधरी को किरण चैधरी प्रमोट कर रही हैं। डॉ एलसी जोशी तथा राव दान सिंह की पैरवी प्रदेश प्रभारी चै उदयभान व बीएस हुड्डा क्षरा किया जा रहा है। भाजपा से चैधरी धर्मबीर सिंह चुनाव मैदान में हैं उनकी एवज में पूर्व सांसद श्रुति चैधरी को टिकट मिलती है तो जाट मतदाताओं को रिझाने का प्रयास होगा। कांग्रेस पार्टी फिलहाल अहीर,जाट व ब्राह्मण जाति पर फोकस कर रही है। जिसमें छात्र जीवन से कांग्रेस पार्टी से जुडे एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.एलसी जोशी का नाम अग्रिम पंक्ति में है।


**आवश्यक सूचना**

समाचार गेट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।


# पिकअप में मिला 600 किलो गौमांस

**समाचार गेट/संजय राघव**

**सोहना।** मुंबई वडोदरा टोल टैक्स के समीप गो मॉस से भरी एक पिकअप को गोरक्षकों ने काबू कर पुलिस को सौंप दिया। गोरक्षकों ने पिकअप के चालक को भी पकड़ लिया। पिकअप चालक ने बताया कि वह इस मॉस को वह मेवात से गुड़गांव बेकने के लिए ले जा रहा था। पिकअप से पुलिस ने करीब 600 किलो मास बरामद किया है।पुलिस ने इस मामले में माँस को परीक्षण के लिए डॉक्टर के पास भेजा है वहीं आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है। गौ रक्षक मानसिंह ने बताया कि उसकी टीम मुंबई बड़ोदरा एक्सप्रेस वे के समय बने टोल पर तैनात थी। इस दौरान एक पिकअप गाड़ी तेज रफ्तार से आई पिकअप चालक ने अपनी गाड़ी में दूसरी गाड़ी का फास्टैग लगाया हुआ था।टोल कर्मियों ने जब उसे टोल की पर्ची कटवाने के लिए कहा तो वह आना-कानी करने लगा इसी दौरान जब उसकी गाड़ी की चेकिंग हुई तो पूरी पिकअप मास से भरी हुई थी। जिससे वहां मौजूद गौरक्षको ने पकड़ लिया। वही चालक को भी वही दबोच लिया। आरोपी गांव सालंबा का रहने वाला है।हालांकि जो पिकअप पकड़ी गई है आगे की नंबर प्लेट पर कीचड़ लगा हुआ था वही पीछे कोई भी नंबर प्लेट नहीं थी। पुलिस की पूछताछ में चालक ने बताया कि वह इस मास को गुड़गांव ले जा रहा था अब रोजाना वह पांच गाड़ियां मांस को गुड़गांव सप्लाई करता है। रोजका मेव थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है।

# बड़वा में किसान संगोष्ठी 10 को



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी मंडी।** उपायुक्त नरेश नरवाल के निर्देश पर सिवानी क्षेत्र के गांव बड़वा में 10 अप्रैल को डालमिया धर्मशाला में गन्ने की फसल की अधिक पैदावार तथा बाजार तक की जानकारी देने के लिए किसान संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस किसान संगोष्ठी में शुगर मिल के अधिकारी, गन्ने की फसल के विषय विशेषज्ञ किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी देंगे। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने बताया कि 10 अप्रैल को गांव बड़वा की डालमिया धर्मशाला में आसपास गावों के किसानों को गन्ने की फसल की अधिक पैदावार के लिए बिजाई से लेकर बाजार तक की जानकारी के लिए किसान संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान शुगर मिल के अधिकारी, गन्ने की फसल के विषय विशेषज्ञ , कृषि विभाग के अधिकारी, गन्ना फसल के विशेषज्ञ वैज्ञानिक किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी देंगे। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने गन्ने की फसल के इच्छुक किसानों से अनुरोध किया है कि वे इस किसान संगोष्ठी में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर गन्ने की फसल की जानकारी हासिल करें।


हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
समाचार गेट
City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में



फरीदाबाद

दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।



Contact: 9212339503, 9818180269

BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
HiTECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें: 9818180269

# जीवन में पारिवारिक और सामाजिक इंजीनियरिंग भी सीखें : भाटिया

## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय और महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान में लीगल अवेयरनेस और साइबर क्राइम पर कार्यक्रम आयोजित



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** हरियाणा महिला आयोग और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में लीगल अवेयरनेस और साइबर क्राइम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने मुख्यातिथि के रूप में विद्यार्थियों को महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और आदर्श व्यवहार के विषय में जागरूक किया। जबकि समारोह की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने जीवन मूल्यों और सामाजिक दायित्वों से अवगत करवाया। पुलिस साइबर एक्सपर्ट ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से आगाह किया।

हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने कहा कि एकेडमिक इंजीनियरिंग के साथ-साथ फैमिली इंजीनियरिंग और सोशल इंजीनियरिंग बहुत महत्वपूर्ण है। यदि हम घर और समाज में आदर्श व्यवहार नहीं करते तो हमारी डिग्रियों के कोई मायने नहीं हैं। अभद्र भाषा, बॉडी शेमिंग, अनैतिक व्यवहार और उत्पीड़न किसी भी सूरत बर्दाश्त न करें। रेनू भाटिया ने महिला आयोग में बढ़ती जा रही शिकायतों के बारे में विद्यार्थियों के साथ अनुभव सांझा किए। उन्होंने साइबर माध्यम से हो रहे अपराधों और यौन उत्पीडन के प्रति भी जागरूक किया। साथ ही कहा कि ऐसी स्थिति में छुपाएं मत सीधा महिला आयोग से संपर्क करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि सामाजिक जीवन मूल्य और नैतिक चरित्र हमारे व्यक्तित्व की असली ताकत हैं। हमें हमेशा लैंगिक भेदभाव बिना सबको पूरा सम्मान देना चाहिए। प्रोफेसर ज्योति राणा ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह आदर्श आचरण से समाज के सामने उदाहरण बनें। उन्होंने अपने इतिहास और ग्रंथों से परिवार के बुजुर्गों से सदाचार सीखने को लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। साइबर एक्सपर्ट डीएसपी विकास कुमार और इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने ऑनलाइन ठगी और वीडियो कॉल के माध्यम से ब्लैकमेलिंग के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी तरह के साइबर अपराध की स्थिति में 1930 पर डायल करें और 112 नंबर पर भी सूचित करें। उन्होंने कई तकनीकी बारीकियां भी विद्यार्थियों को समझाई।

अधिवक्ता ऋतु कूपर ने विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि कोई भी असहज करने वाला शब्द सहन न करें। कोई आप पर अनैतिक दबाव बनाएं तो इसकी शिकायत करें। उन्होंने विद्यार्थियों को यौन उत्पीड़न रोकथाम कानून के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों से सभी वक्तव्यों से अपनी शंकाओं का समाधान किया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर कुलवंत सिंह ने अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। डॉ. भावना रूपराई ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर आदकामिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़, डीन प्रोफेसर आशीष श्रीवास्तव, डीन प्रोफेसर जॉय कुरियाकोजे, डॉ. संजय राठौर, डॉ. मनी कंवर सिंह, डॉ. प्रीति, हिंदी अधिकारी भूपेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. पारुल भाटिया, एडवोकेट मोनिका यादव और शंशबीर डागर सहित काफी संख्या शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# गेहूं की फसल निकलते समय लगी ट्रैक्टर में आग



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** गेहूं की फसल (लॉक) निकालते समय ट्रैक्टर में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लगने ट्रैक्टर पूरी तरह जलकर राख हो गया। हालांकि इस आगजनी में किसी प्रकार कार जानी नुक्सान नहीं हुआ। फॉयर बिग्रेड व लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

भैंडोली गांव निवासी किसान अमरचंद अपने खेतों पर गेहूं के लॉक को ट्रैक्टर-मशीन से निकाल रहा था। फसल निकलने के बाद जब वह ट्रैक्टर को बंद करने के लिए गया तो ट्रैक्टर की वायरिंग में अचानक शार्ट-सर्किट होने से आग लग गई। आग को बुझाने के लिए उन्होंने आस-पास पड़ी मिट्टी से प्रयास किया, लेकिन आग बुझने की बजाए तेज होती चली गई और देखते ही देखते पूरे ट्रैक्टर ने आग पकड़ ली। आग को बढ़ती देख किसान व उसका पूरा परिवार ट्रैक्टर से दूर हो गया। आग लगती देख गांव के अन्य लोग भी वहां पहुंच गए और आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। लेकिन आग ट्रैक्टर की तेल की टंकी में पहुंच गई और जबरदस्त ब्लॉस्ट होते ही आग ट्रैक्टर के टायरों में लग गई और ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगी। आग को बढ़ती देख उन्होंने फॉयर बिग्रेड व 112 पर कॉल कर दी। जिसके कुछ देर बाद मौके पर फॉयर बिग्रेड की गाड़ी भी पहुंच गई, लेकिन तब तक लोगों ने आग पर काबु पा लिया था। आग से ट्रैक्टर व निकाल भूसा पूरी तरह जल गए, लेकिन आग से किसान व उसके परिवार का कोई नहीं झुलसा।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर लगा रक्तदान शिविर




**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** हर घर जागरुक मतदाता और स्वस्थ्य रक्तदाता अभियान के अन्तर्गत विश्व स्वास्थ्य दिवस पर पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज और आर्य समाज जवाहर नगर कैम्प के सयुक्त तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का संयोजन क्लब के मुख्य संयोजक आर्यवीर लॉयन विकास मित्तल, सह संयोजक अल्पना मित्तल, प्रदीप नारंग और आर्य समाज के प्रधान अशोक आर्य ने किया।

शिविर का शुभारंभ समाजसेवी एम एल कथुरिया, व्यापारी नेता विजय आर्य और डा. मनोज विरमानी ने किया। अतिथियों ने सभी रक्तदाताओ का धन्यवाद करते हुए कहा कि एक व्यक्ति जब रक्तदान करता है तो वह अपने रक्त से बीमार व जरूरतमंद व्यक्ति की जीवन रक्षा करता है।

शिविर संयोजक विकास मित्तल, अल्पना मित्तल और प्रदीप नारंग ने सभी को विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मी नर सेवा नारायण सेवा की भावना से कार्य करते हैं। उन्होने साथ ही बताया कि रक्तदान करने के बाद थोड़े ही समय में शरीर निर्धारित प्रक्रिया के तहत नए खून का निर्माण कर लेता है। रक्तदान से शरीर पर कोई विपरीत प्रभाव भी नहीं पड़ता है। शिविर में 24 स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर अनिल गेरा, नरेश वर्मा डा. नरेश डागर, मनोज, लक्ष्य , नेपाल, संजीव, पुजा,टींकु, आदि मौजूद रहे।

# मतदाताओं को लुभाने से संबंधित शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1950 जारी

## आमजन टोल फ्री नंबर पर दे सकते हैं सूचना

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन दिए जाने से संबंधित शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1950 जारी किया है। आमजन इस नंबर पर अपनी शिकायत दे सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। चुनाव में अपने विवेक से बिना किसी प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी, शराब या अन्य पारितोषिक वस्तु वितरण, मुफ्त भोजन परोसना प्रलोभन की श्रेणी में आता है। मतदाताओं को किसी भी प्रकार का प्रलोभन देना या स्वीकर करना दण्डनीय अपराध है, जिसमें एक वर्ष तक का कारावास व जुर्माना हो सकता है। चुनाव के दौरान इस प्रकार की गतिविधियों व चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रलोभन संबंधी वस्तुओं के आवागमन की निगरानी हेतू उडनद्रस्ते व निगरानी टीमें लगाई गई हैं। इस संबंध में कोई भी सूचना जिला में स्थापित नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नंबर 1950 पर दी जा सकती है। चुनाव में मॉनिटरिंग के लिए सी-विजिल एप बनाया गया है। कोई भी इस पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है। इन शिकायतों पर चुनाव आयोग द्वारा त्वरित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



**केवाईसी ऐप से मतदाता देखें अपने उम्मीदवार की प्रोफाइल : उपायुक्त**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सर्वोपरि होता है और मतदाता को सशक्त बनाने के लिए चुनाव आयोग ने तकनीक के युग में बड़े कदम उठाए हैं। चुनाव में मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं की प्रोफाइल से अवगत हों, इसके लिए आयोग ने स्पेशल केवाईसी (नो योर कैंडिडेट) एप की शुरुआत की है जिसके मतदाता चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नामांकन में दर्ज जानकारी को देख सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी ऐप के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। आयोग द्वारा केवाईसी ऐप शुरू की गई है जो चुनाव प्रक्रिया में काफी अहम रोल रखती है। इस ऐप के जरिये कोई भी व्यक्ति स्वयं के लोकसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि समूचे भारत की लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नामांकन पत्र देख सकता है। उम्मीदवारों द्वारा नामांकन में दर्ज की गई विस्तृत जानकारी इस ऐप के माध्यम से देखी जा सकती है। नो योर कैंडिडेट (केवाईसी) नाम की यह ऐप गूगल प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर से फ्री में डाउनलोड की जा सकती है। इस ऐप पर उम्मीदवार का नाम, पिता/पति, पार्टी, उम्र, लिंग, पता, राज्य, विधानसभा/लोकसभा की जानकारी मेन डिस्प्ले में दिखाई देती है। इसके साथ ही उम्मीदवार द्वारा नामांकन के दौरान दिया गया हलफनामा इस ऐप में अपलोड किया जाता है। मतदाता सीधे उम्मीदवार के हलफनामे में दी गई जानकारी प्राप्त सकते हैं। इसके अलावा ऐप पर चुनाव के दौरान सभी नामांकन, स्वीकार नामांकन, निरस्त हुए नामांकन और नाम वापस लेने वाले प्रत्याशियों की भी जानकारी मिलती है।

**खुद भी करें मतदान और परिवार को भी करें जागरूक- धीरेंद्र खड़गटा**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला भर में स्वीप गतिविधियां निरंतर जारी हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि जिला में स्वीप गतिविधियों के लिए एडीसी प्रदीप सिंह मलिक को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला में स्वीप कार्यक्रमों के तहत शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि सभी युवा लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान करते हुए देश के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। विद्यार्थियों को वोट पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे युवा जिनकी 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी हो चुकी है और अभी तक अपना वोट नहीं बनवाया है, वे युवक-युवती अपना वोट जरुर बनवाएं। वोट बनवाने के लिए अपने बीएलओ से संपर्क करें या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर भी ऑनलाइन आवेदन कर अपना मत बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला के सभी मतदाता आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करते हुए एक सशक्त और सक्रिय नागरिक होने की जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे न केवल स्वयं मतदान करें बल्कि अपने आसपास व परिवारजनों को भी अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। स्वीप अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के द्वारा आमजन को मतदान करने व वोट बनवाने के लिए जागरूक करें।

# श्रीकृष्ण ने भी गौसेवा की थी, हमें भी मौका मिला है, सबको ये सेवा करनी चाहिए : मनधीर सिंह मान



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** होडल ज़िले के सौंध गांव में आज गौशाला की नींव रखे जाने के दौरान आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुँचे वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनधीर सिंह मान लगातार पिछले काफ़ी समय से शहर से लेकर गांवों तक में लोगों से मिलने जुलने के कार्यक्रम में शामिल हो रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता व फ़रीदाबाद लोकसभा सीट से संभावित प्रत्याशी मनधीर सिंह मान ने आज गौसेवा को लेकर लोगों को जागरूक करने का काम किया है. कहा हम सभी को अच्छे कर्म करते रहना चाहिए. क्योंकि जैसे कर्म हम लोग करेंगे वैसे ही कर्म हमें वैसे ही फ़ल आने वाले जीवन में मिलेंगे.क्योंकि ये एक चक्र है जीवन के,,जो सदा से ऐसे ही चलता आया है और ऐसे ही चलता रहेगा. हम लोगों को सबसे पहले अपने ख़ुद के अंदर की बुराइयों को मिटाना सीखना आना चाहिए. ऐसा होने से हमारी सोच अच्छी होगी और इसका असर हमारे कर्मों पर भी पड़ेगा.निश्चित ही हमारे कर्म भी ज़रूर अच्छे हो जाएंगे.गौशाला के नींव रखने के दौरान मनधीर सिंह मान ने कार्यक्रम में शामिल होने आए लोगों से कहा कि अपने बच्चों के अंदर अच्छे संस्कारों का वास कराया जाना चाहिए. ऐसा होने पर हमारी आने वाली पीढ़ी ख़ुद के साथ ही देश को भी मजबूत करने का काम करेगी. मनधीर ने कहा गौसेवा मनुष्य के लिए एक वो रत्न है जो समुंदर मंथन के दौरान निकला था. गौमाता के अंदर 33करोड़ देवी देवता निवास करते हैं. इसलिए कहते हैं गौसेवा से बड़ी कोई दूसरी सेवा नहीं।

## विपक्ष के पास चुनाव में बीजेपी के विरुद्ध नहीं एक भी मुदा : धर्मबीर सिंह

**समाचार गेट/ सोनिका सूरी**



**सिवानी।** भाजपा के भिवानी महेंद्रगढ क्षेत्र से लोकसभा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह तथा भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़ ने सिवानी में मंडल स्तर पर बैठक लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा और कहा कि घर घर जाकर कार्यकर्ता पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रचार करें। भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह तथा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़ ने भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों की विस्तार से कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। प्रदेश के वित्त मंत्री जेपी दलाल, भिवानी महेंद्रगढ़ से भाजपा प्रत्याशी चौधरी धर्मबीर सिंह तथा भाजपा के जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़ रविवार को सिवानी मंडल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी और सशक्त पार्टी है। इसमें प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान दिया जाता है और लोकतांत्रिक ढंग से पदाधिकारी की नियुक्ति की जाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास काम करने की सोच और नीति है। इसी के परिणाम स्वरूप भाजपा अपना विशाल संगठन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावो का बिगुल बज चुका है। विपक्ष को धूल चटाने के लिए प्रत्येक कार्यक्रता कमर कसलें और बूथ स्तर पर मेहनत करें और अधिक से अधिक पार्टी पक्ष में मतदान करवाए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रचार करें। धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज भारत विकसित राष्ट्र की और अग्रसर है। भारत की तुलना विकसित राष्ट्रों से की जाती है। इस मौके मंडल अध्यक्ष,भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकर्ता, पदाधिकारी मौजूद रहे।






# मोदी राज में दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत : कृष्णपाल गुर्जर

**एनआईटी क्षेत्र में लोगों ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में भरी हुंकार, भारी मतों से विजयी बनाने का दिया भरोसा**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में एनआईटी क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश फागना द्वारा डबुआ अनाज मंडी में एक विशाल स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद भारी संख्या में लोगों ने एक स्वर में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के पक्ष में हुंकार भरते हुए उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आज पूरा विश्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगे नतमस्तक है, आज रूस कहता है कि भारत पर किसी का दबाव नहीं है। चीन अपना माथा पीटता रहता है लेकिन भारत को रोक नहीं पाता है। वही अमेरिका मोदी के स्वागत के लिए खड़ा रहता है जिसने कभी कांग्रेसी शासन में उन्हें वीजा तक देने से इनकार कर दिया था। आज आस्ट्रेलिया का नेतृत्व मोदी को बॉस बता रहा है तो अफ्रीकन देशों के राष्ट्राध्यक्ष मोदी के पैर छू रहे हैं। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और मोदी के राज में हम दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गए हैं जिसे तीसरे स्थान पर लाने के लिए मोदी का शासन बहुत जरूरी है। श्री गुर्जर ने कहा कि आज देश के लोकसभा चुनाव में माहौल मोदी के पक्ष में है। आज देश का मतदाता एनडीए को 400 पार सीटें देने के लिए तैयार बैठा है और चार जून को केंद्र में फिर बड़े बहुमत के साथ नरेंद्र मोदी को पीएम बनाने वाला निर्णय मिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बिना भेदभाव प्रदेश की सभी विधानसभाओं में समान विकास कार्य करवाए है, एनआईटी क्षेत्र इसका उदाहरण है, जहां भाजपा का विधायक न होने के बावजूद यहां सडकें, सीवरेज, पीने के पानी सहित अन्य प्रकार के विकास कार्य युद्धस्तर पर करवाए गए, जिससे विपक्ष के पास सरकार को घेरने का कोई मुद्दा नहीं है। कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता सतीश फागना ने समारोह में एनआईटी क्षेत्र के कोने-कोने से आए लोगों का आभार जताते हुए कहा कि पिछले दस सालों में भाजपा सरकारों ने देश-प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवाए है, गांव हो या शहर, विकास का पहिया हर तरफ घूमा है और इसी विकास की बदौलत देश में तीसरी बार रिकार्ड बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी और भाजपा प्रत्याशी चौधरी कृष्णपाल गुर्जर जीत की हैट्रिक लगाकर नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासपरक सोच का ही परिणाम है कि आज देश के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है, जो देश पिछली सरकारों में विकास के मामले में पिछड़ गया था, आज फिर से वह विश्व में सोने की चिडिया बनकर उभरने लगा है और यह सब प्रधानमंत्री के प्रयासों से संभव हो पाया है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, भाजपा नेता यशवीर डागर, निवर्तमान पार्षद बीर सिंह नैन, कविन्द्र चौधरी, ममता चौधरी, डा. आरएन सिंह, भजनलाल नैन, ठाकुर अनिल प्रताप सिंह, मुकेश डागर, आजाद भड़ाना, अनिल नागर, युवराज गोल्डी सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# बच्चों को शिक्षित करने का कार्य कर रहा है डा. अनिल मलिक स्कूल : राजेश भाटिया

**स्कूल के संस्थापक की पुण्यतिथि पर प्रधान सहित गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** श्री सिद्धपीठ हनुमान मंदिर एनआईटी नंबर एक में संचालित डा. अनिल मलिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल के संस्थापक डा. अनिल मलिक की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया सहित गणमान्य लोगों व अध्यापकों ने डा. अनिल मलिक चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए राजेश भाटिया ने कहा कि डा. अनिल मलिक ने वर्षो पहले जो पौधा रोपा था, आज वह वट वृक्ष के रूप में बच्चों को शिक्षित करने का काम कर रहा है, उन्होंने कहा कि जो पहले डा. अनिल मलिक ने की थी, उसके लिए वह सदैव हमारे दिलों में जिंदा रहेंगे। श्री भाटिया ने कहा कि स्कूल में बच्चों को शिक्षित होते देख उन्हें बहुत खुशी होती है क्योंकि यहां गरीब व जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित किया जा रहा है, जो आने वाले समय में देश का भविष्य बनेंगे। उल्लेखनीय है कि यह स्कूल 1975 में डॉक्टर रघुनाथ राय जी के सुपुत्र श्री अनिल मलिक द्वारा प्रारंभ किया गया था परंतु अप्रैल 1981 में उनकी मृत्यु के पश्चात स्कूल का नाम उन्हीं के नाम से प्रसिद्ध है। उन्होंने बताया कि इस स्कूल की प्रथम अध्यापिका श्रीमती लाज अरोड़ा एवं श्रीमती शकुंतला मेहंदीरत्ता रही। 1975 से 1985 तक यह स्कूल आठवीं कक्षा तक था, 1985 से 1992 तक नौंवीं, दसवीं तक था तथा 1992 में यह स्कूल 12वीं तक हो गया। अब यह स्कूल स्व. डा. श्री रघुनाथ राय के पुत्र श्री विनोद कुमार मलिक के संरक्षण में प्रधान राजेश भाटिया द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस मोके पर प्रधान राजेश भाटिया, विनोद मलिक एवं स्कूल के बच्चों के संग नन्द राम पहिल, जनक भाटिया, मोक्षित भाटिया सचिन भाटिया, प्रेम बब्बर तथा स्कूल अद्यापिकाओं में सोनिया अरोड़ा, सुमन अरोड़ा, रजनी बजाज, नीतू भाटिया, हिमानी गुलाटी, शोभा शर्मा, मान्या रतड़ा, रेखा वधवा, रेखा जोहरा, अनु भाटिया, प्रवेश भाटिया, सोनिया ठकराल, मोनिका विरमानी,अशोक कुमार, रिंकल भाटिया, चाहत, नूपुर, सुनीता, सीमा भाटिया, इंदु दस्वाल, विकास शर्मा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर की होगी देश में ऐतिहासिक जीत : राजू ठाकुर



**भाजपा किसान मोर्चा की टीम ने किया भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर का भव्य स्वागत**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र भड़ाना के संयोजन में नंगला मंडल भड़ाना चौक पर भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया, जिसमें भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजू ठाकुर (जैजू) सहित अन्य भाजपा नेताओं ने श्री गुर्जर का स्वागत कर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान बड़ी माला पहनाकर कृष्णपाल गुर्जर का स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजू ठाकुर ने कहा कि चौ. कृष्णपाल गुर्जर द्वारा दस वर्षो के दौरान फरीदाबाद में किए गए अभूतपूर्व विकास की बदौलत जनता उन्हें तीसरी बार भारी मतों से विजय बनाकर संसद में भेजेगी और मोदी जी के हाथों को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि श्री गुर्जर ने गांव हो या शहर सभी जगह समान विकास करवाकर लोगों को हरसंभव मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई है। राजू ठाकुर ने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा की पूरी टीम श्री गुर्जर के समर्थन में वोट मांगेंगी और उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाने के लिए एडी चोटी का जोर लगा देगी। इस मौके पर धर्मबीर भड़ाना, पूर्व महामंत्री डॉ आनंद सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुखबीर मलेरणा, जिला उपाध्यक्ष हरिंदर तोमर, जमनलाल शर्मा,महामंत्री सुरेश तेवतिया, डा. आरएन सिंह, वेदांत ठाकुर, भारत अध्यक्ष, कान्हा जी, सोनी अरोड़ा, युवा मोर्चा के अंकित भड़ाना, आजाद भड़ाना, दीपक, प्रताप सिंह तोमर, सतपाल पंडित, सुरेश तेवतिया सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# युवाओं में भी हो सकता है बहुत ज्यादा ब्लड प्रेशर, पर घबराएं नहीं, इलाज है मुमकिन!

**एसएसबी अस्पताल ने किया युवक की जन्मजात कोक्टेश्र बीमारी का सफल इलाज**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जन्मजात से कोक्टेश्र नामक बीमारी से पीड़ित से 15 साल के युवक का एसएसबी अस्पताल ने सफल इलाज किया है। दिल्ली का रहने वाला 15 साल का लडक़ा, जिसे तेज सिरदर्द और बहुत ज्यादा ब्लड प्रेशर की शिकायत थी, उसे फरीदाबाद के एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में लाया गया। उस दौरान उसका ब्लड प्रेशर 200/120 के आसपास था। जांच करने पर पता चला कि उसके हाथों की धमनियां तो ठीक चल रहीं थीं, मगर पैरों तक खून ठीक से नहीं पहुंच रहा था। डॉक्टरों ने और जांच की तो पता चला कि उसकी महाधमनी (वो नस जिससे खून पूरे शरीर में जाता है) में एक जन्मजात दिक्कत है, जिसे कोक्टेश्र कहते हैं। इस दिक्कत की वजह से दिमाग में खून का रिसाव, दिल कमजोर पडने, पैरों में बहुत ज्यादा थकावट रहने और खून की कमी के चलते चलने में दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। चूंकि पैरों तक खून ठीक से नहीं पहुंच रहा था, तो ऑपरेशन कराने की जरूरत थी, मगर ऑपरेशन में भी काफी खतरा होता है। इसीलिए, अस्पताल के जाने-माने डॉक्टर, और एसएसबी अस्पताल के निदेशक डॉ. एस.एस. बंसल ने फैसला किया कि मरीज का इलाज बिना सर्जरी के किया जाए। उन्होंने मरीज की जांघ में एक छोटा सा छेद करके कैथेटर डालकर इसका इलाज किया। कैथेटर एक पतली नली जैसा उपकरण होता है जिसे जांघ में एक छोटे से छेद के जरिए शरीर के अंदर पहुंचाया जाता है। कैथेटर के गुब्बारे की मदद से पहले तो डॉ. बंसल ने महाधमनी में ब्लॉकेज को खोला और फिर उसमें एक स्टेंट (जाली जैसी ट्यूब) डाल दिया, ताकि स्टेंट उस नली को खुला रखने में मदद कर सके। अच्छी बात यह रही कि इलाज के बाद लडक़ेका ब्लड प्रेशर तुरंत ही ठीक हो गया, जो 200/120 से घटकर 130/80 पर आ गया। यह बहुत अच्छा नतीजा रहा और अगले ही दिन लडक़ेको ठीक ब्लड प्रेशर के साथ अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डा. बंसल ने बताया कि यह मामला हमें बताता है कि अगर किसी युवा को बहुत ज्यादा ब्लड प्रेशर की परेशानी हो, तो सिर्फ दवाएं ही काफी नहीं हैं। ऐसे में जरूरी है कि वो डॉक्टर को जरूर दिखाएं, खासकर हृदय रोग विशेषज्ञ, वो यह पता लगा सकते हैं कि कहीं ज्यादा ब्लड प्रेशर कोक्टेश्र जैसी किसी गंभीर बीमारी की वजह से तो नहीं है।

# इन मजदूरों के नसीब में नहीं 10 रुपए में थाली और भरपेट भोजन!

**हरियाणा सरकार की किसान मजदूर कैंटीन योजना बनी सपना**

**पटौदी और फरुखनगर में अनाज मंडी वहीं मानेसर औद्योगिक क्षेत्र**

**अलग-अलग स्थान पर अलग-अलग नाम से बनाई गई कैंटीन**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम/पटौदी।** हरियाणा सरकार के द्वारा पूरे प्रदेश में विभिन्न शहरों और विशेष रूप से अनाज मंडी में मजदूर कमरे वर्ग सहित किसानों की सुविधा के लिए विभिन्न नाम से 10 रुपए खाली में भरपेट भोजन की कैंटीन आरंभ की गई । लेकिन हरियाणा के खजाने में सबसे अधिक राजस्व देने वाले जिला गुरुग्राम के ही देहात कहलाने वाले इलाके पटौदी, मानेसर और फरुखनगर क्षेत्र में मजदूर कमरे वर्ग के लिए आज भी भरपेट भोजन के लिए 10 रुपए वाली ताली सपना ही बनी हुई है।

यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है कि इन दोनों फसल कटाई और अनाज मंडी में फसल की सरकारी खरीद युद्ध स्तर पर चल रही है । फसल काटने और अनाज मंडी में लाई गई फसल की बिक्री के बाद इसकी साफ सफाई, बोरों में भरना और वाहनों में लोडिंग का काम मजदूर वर्ग के द्वारा ही किया जा रहा है ।अधिकांश मंडी में प्रवासी मजदूर मजदूरी के लिए बीते लंबे समय से आने का सिलसिला बना हुआ है। सीजन के अतिरिक्त भी मंडी में प्रवासी मजदूर विभिन्न व्यापारियों और आढतियो के यहां मजदूरी के लिए काम करते हैं।

हरियाणा के ही बात की जाए तो विभिन्न जिलों और वहां की अनाज मंडी में किसान मजदूर कैंटीन, अंत्योदय आहार योजना तथा अटल किसान मजदूर कैंटीन जैसे नाम से भरपेट भोजन के लिए कैंटीन आरंभ की गई ।इन कैंटीन को आरंभ किए जाने के पीछे तर्क दिया था कि कोई भी व्यक्ति भूख नहीं रहना चाहिए और केवल मात्र 10 रुपए में अपना पेट भर सके। सूत्रों के मुताबिक इस प्रकार की कैंटीन स्वयं सहायता महिला समूह के द्वारा भी संचालित किया जाने की जानकारी दी गई है। इसी कड़ी में बताया गया है कि 10 रूपए भोजन करने वाले से लिए जाएंगे ।इसके अतिरिक्त जो भी खर्च होगा वह स्थानीय मार्केटिंग बोर्ड या फिर श्रम विभाग अथवा हरियाणा सरकार के द्वारा उसका भुगतान किया जाएगा।

अनाज मंडी में अपनी फसल बेचने के लिए किसान वर्ग सुबह अंधेरे में ही ट्रैक्टर ट्रॉली या फिर अन्य वाहनों को लेकर लाइन में लग जाते हैं। नंबर आने तक कई घंटे का समय निकल जाता है । गर्मी का मौसम है और विभिन्न प्रकार की परेशानियां भी झेलनी पड़ती है ।बारी आने पर टोकन लेकर मंडी में फसल का ढेर लगा दिया जाता है और सरकारी एजेंसी के द्वारा खरीद किया जाने तक सूरज भी अपना दम तोड़ता दिखाई देता है। इस बीच में यदि किसान या फिर मंडी में काम कर रहे कमेरे वर्ग अथवा पल्लेदार और मजदूर को भूख लगना भी स्वाभाविक है । इन हालात में बहुत से किसान बाजार से खाने-पीने का सामान लेकर अपना पेट भरने को मजबूर होते हैं। वही मंडी में काम करने वाले मजदूर पल्लेदार ग्रुप में रहते हुए सामूहिक रूप से अपने-अपने लिए भोजन बनाने और खाने की व्यवस्था बनाते हैं।

औद्योगिक क्षेत्र की बात की जाए तो छोटे-बड़े अनगिनत उद्योग भी यहां काम करने वाले कामगार और मजदूर के दम पर चलते हैं । लेकिन बहुत कम उद्योग ऐसे हैं जहां पर काम करने वाले लोगों के लिए कैंटीन या फिर भोजन की सुविधा उपलब्ध हो।

जानकारी के मुताबिक जिला गुरुग्राम में दो दर्जन से अधिक कैंटीन संचालित होने की बात कही गई है। जहां पर महज 10 रुपए में भरपेट भोजन उपलब्ध हो रहा है । सवाल सहित जिज्ञासा यही है कि शहर के अलावा देहात कहे जाने वाले इलाके में यह सुविधा मजदूर कामकाजी लोगों और गरीब वर्ग के लिए कब तक उपलब्ध हो सकेगी ?

# युवाओं के लिए भविष्य के रास्ते खोलता है खेल : राजेश नागर

**विधायक ने युवा खिलाड़ी को दिया आशीर्वाद**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** गांव कांवरका निवासी युवा धावक सोनिया सागर ने आज विधायक राजेश नागर के निवास पर पहुंचकर उन्हें अपनी उपलबधियों से परिचित कराया और उनसे भविष्य के लिए आशीर्वाद लिया। नागर ने भी बेटी की उपलबधि के लिए सराहा और इसी प्रकार मेहनत करते हुए अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। गांव कांवरका निवासी सोनिया सागर रेसर हैं और अब तक वह दर्जनों पदक जीत चुकी हैं जिसमें जिले से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के पदक शामिल हैं। वह हाल ही में गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर लौटी हैं और उनका सपना है कि वह ओलंपिक में देश का नाम रोशन करें। उनके कोच अरुण रावत दीघोट भी साथ थे। अरुण ने विधायक राजेश नागर को बताया कि सोनिया रेसिंग के साथ साथ योगा में भी पकड़ रखती हैं।

इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकारों ने बड़ा काम किया है। यही कारण है कि आज देश के हर खेल कंपटीशन में हरियाणा के खिलाडियों की भागीदारी रहती है। हरियाणा की भाजपा सरकार देश में सर्वाधिक खेल इनाम देने वाली राज्य सरकार है। जिसकी खेल नीति को अन्य सरकारें भी फॉलो कर रही हैं। नागर ने कहा कि बेटी को खूब पढ़ाओ और खेल खिलाओ। हमारा आशीर्वाद और सहयोग आपके साथ है। उन्होंने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव मोदीमय है जिसका कारण यह खिलाड़ी भी हैं। हमारे खिलाडियों ने मोदीजी की खेल नीति के कारण इस बार ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। हम अपने खिलाडियों का मनोबल बढ़ाने के लिए नीति और नीयत दोनों से उनके साथ हैं।

# कामधेनु संस्थान में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** तावडू उपमंडल के गाँव बिस्सर अकबरपुर कामधेनु संस्थान में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया । इस अवसर पर संस्थान में आशीर्वचन पूजनीय स्वामी स्वामी योगभूषण, संस्थापक, धर्मयोग फाउंडेशन, मुख्य अतिथि पवन जिंदल उत्तर क्षेत्र संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मुख्य वक्ता बजरंग लाल बागड़ा, महामंत्री, विश्व हिन्दू परिषद, अतिविशिष्ट अतिथि नवीन गोयल, प्रदेश संयोजक, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ, हरियाणा एवं संस्थापक, कैनविन फाउंडेशन, राकेश शर्मा एडवोकेट, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा एवं पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा, नारनौल, मदनलाल जिंदल जी, प्रसिद्ध समाजसेवी, दिल्ली, विशेष व्याख्यान डॉ. परमेश्वर अरोड़ा, (एम.डी ) आयुर्वेद, वरिष्ठपरामर्शदाता, अथ आयुर्वेद, विशिष्ट अतिथि सीए सुभाष गुप्ता चेयरमैन क्विक कुक की क्लीन प्राइवेट लिमिटेड. अमित मित्तल अलवर, आर के मित्तल एडवोकेट, गुरुग्राम, संजय कन्नौजा,कंज्यूमर फोरम, ब्रह्म दत्त पी एस राव इंद्रजीत के साथ साथ दिल्ली एवं हरियाणा राज्य और देश के अनेक महानुभाव उपस्थित रहे ।

सर्वप्रथम डॉ. एस.पी.गुप्ता ने हवन का शुभारम्भ किया । हवन का संचालन रमेश आर्य ने किया । हवन प्रथा के अनुसार अप्रैल मास में प्रमुख रूप से मदन जिंदल के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए अग्नि देव को आहुति अर्पित की गई । चंद्रभान कैथल निवासी को कामधेनु आरोग्य संस्थान का संरक्षक बनाया गया । पवन जिंदल स्वामी योगभूषण जी एवं मंचासीन अतिथियों ने उनको शॉल पहना कर उनका सम्मान किया एवं उन्होंने कामधेनु संस्थान को इसके लिए धन्यवाद दिया ।

संस्थान के महामंत्री प्रियंक गुप्ता ने कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए स्वागत कार्यक्रम में पूजनीय स्वामी योगभूषण का दीपक जैन, रुचिर गुप्ता, उषा गर्ग, आर के गर्ग, एक्स ईआईसी इरिगेशन हरियाणा ने, बजरंग लाल बागड़ा का रुचिर गुप्ता, सुनील जिंदल, डॉ एस पी गुप्ता ने, राकेश शर्मा एडवोकेट का पायल गुप्ता, नरेश गुप्ता गुरुग्राम, प्रमोद गर्ग, नरवाना ने, मदनलाल जिंदल का दिनेश गुप्ता, राकेश गर्ग कैथल, जगदीप गुप्ता, रुचिर गुप्ता ने, डी पी गोयल का दिनेश गुप्ता, सुरेश गोयल ने, सी ए सुभाष गुप्ता जी का गरिमा सिंगला, मुजजफरनगर, तेजपाल बिस्सर, ईश्वर गुप्ता कैथल, पुरीनदर गोयल का अमित अग्रवाल (बालाजी ) डॉ प्रदीप, अनुपम गुप्ता, रमेश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, नवीन गोयल का विशाल गर्ग, गुरुग्राम, सुनील सिकोपुर, , गुरुग्राम, पवन जिंदल, उत्तर क्षेत्र संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ डॉ डॉक्टर एस.पी.गुप्ता, यशपाल सिंघल आईपीएस (आर), पायल गर्ग ने पुष्प माला, कामधेनु स्मृति चिन्ह एवं संस्थान मे पंचगव्यो से निर्मित उत्पादों का गिफ्ट पैक भेंट करके किया ।




संस्थान के संस्थापक डॉ एस. पी. गुप्ता ने सभी अतिथियों का परिचय करवाते हुए गोधाम के कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद किया एवं कामधेनु संस्थान के अन्तर्गत कामधेनु आरोग्य वैलनेस संस्थान(के.ए.डब्ल्यू.एस) के विषय में तथा उसमें संचालित कार्यों के बारे में सभी अतिथियों को विस्तार से बताया ।

इस मोके पर पवन जिंदल ने कहा कि गुड़गांव का पिछले दो दशकों में बहुत विकास हुआ है परंतु आबादी के साथ ही बीमारिया भी बढ़ती जा रही है। हमारे देश को अपनी भारतीय आयुर्वेदिक पद्धति से बीमारियों के उपचार के लिए बढ़ाने की जरूरत है । हमारे ऋषि मुनियों ने अपने पूरे जीवन को इस पद्धति को विकसित करने के लिए लगाकर हमें दिया है यह आज पूरे विश्व के लिए जरूरत है । हमें इसी संस्कृति ने वासुदेव कुटुंब की सोच दी है । उन्होंने डॉक्टर एसपी गुप्ता के कार्यों की सराहना करते हुए उनके बनाए इस संस्थान जो कि इस पिछड़े क्षेत्र में है इस तरह की सेवाएं देने का प्रयास किया है।

एडवोकेट राकेश शर्मा ने बताया कि एसपी गुप्ता जी जो सेवाओं से रिटायर हो गए हैं परन्तु टायर्ड नहीं हुए वे आज भी समाज को अपनी सेवाएं दे रहे हैं उन्होंने मेवात जैसे स्थान पर गौशाला और आरोग्य संस्थान अपना सब कुछ समर्पित करके लोगो के लिए बनाया है ।अपना स्थान संपर्क करके सम्मानित करके बनाया है । उन्होंने सभी लोगों से एक बार जरुर ऐसे स्थान पर आने कि अपील कि ।

उसके उपरांत नवीन गोयल ने सभी का अभिनंदन करते हुए बताया कि आज हमारे देश को महान बनाने में गौ माता और आयुर्वेदिक पद्धति का बड़ा योगदान है कामधेनु आरोग्य संस्थान में यह दोनों ही विराजमान है । यहां आकर हमें जरूर यहां के वातावरण को जरुर देखना और महसूस करना चाहिए एवम यहां की सेवाओं का लाभ लेना चाहिए ।

डॉ परमेश्वर अरोडा ने बताया कि आज गुड़गांव में में 200 से ज्यादा हॉस्पिटल है पर क्वालिटी आफ हेल्थ गिरती जा रही है आज लोगों की उम्र भी लगभग 20 साल कम हो चुकी है इसका सबसे बड़ा कारण हमारा हमारे वेदों से हमारी बढ़ती दूरी है हम अपने वैदिक संस्कृति और आयुर्वेद को अपने जीवन में वापस ले आए तो हम फिर से विश्व में बड़ी शक्ति बन सकते हैं । हम स्वस्थ होंगे तो हम हर क्षेत्र में सफल हो सकते हैं । आज दूध को पीने के लिए डॉक्टर मना करने लगे हैं क्योंकि आज हमारे पास देसी नस्ल की गाय कम होकर विदेशी नस्ल की गाय ज्यादा हो गई है जिनका दूध 1 होता है जो हानिकारक होता है ।

उसके पश्चात बजरंग लाल ने बताया आर्थिक रूप से गाय हमारे देश की आधारभूत थी । हमारे खेतों में गाय, बैल एवम इनके गोमूत्र और गोबर से खेती में बड़ा योगदान था । गाय की रक्षा तभी हो सकती है जब हर किसान गाय की उपयोगिता के बारे में समझे एवम उनको अपनाए। गाय बिना दूध दिए भी किसान को गोमूत्र और गोबर से ही लाभ पहुंचा सकती है । जो कि हमें केमिकल फ्री करके ऑर्गेनिक खाद्य पदार्थ देकर हमारे स्वास्थ को अच्छा करने के साथ ही आर्थिक रूप से भी सहायता करती है।

योग भूषण ने बताया कि कामधेनु आरोग्य संस्थान डॉ एस पी गुप्ता एवं उनके परिवार की 11 वर्षों की तपस्या का फल है । उनकी महनत से ही संस्थान आज इस उचाइयों पर पहुचा है । उन्होंने गाय का महत्व बताते हुए कहा कि जिस घर या जगह पर गाय के गले की घंटी की ध्वनि हो वहाँ भूत प्रेत नहीं आते । शरीर मे भी पाँच महाभूत तत्वों को संतुलित करने के लिए गाय का बड़ा महत्व है जो प्राकर्तिक चिकित्सा मे बताया गया है । यहाँ कामधेनु संस्थान मे ये सभी उपचार किए जा रहे है । इसके लिए यहाँ की प्रबंधन समिति बधाई की पात्र है ।

अन्त में अध्यक्षा शशि गुप्ता ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य सभी महानुभावों का कामधेनु प्रांगण में पधारने पर हार्दिक धन्यवाद किया तथा मुख्य अतिथि को विशेषकर उनके सरल स्वभाव तथा गोवंश के प्रति उनकी कटिबद्धता के लिए उन्हें साधुवाद दिया ।

इस अवसर पर रिसब जैन जींद, अमित मित्तल स्टूडियो फार्म अलवर, अरविन्द अग्रवाल मोदी नगर, उदय सिंघल, हरजिनदर सरहो, राजू गुप्ता, सिंगला, अनु बहन, राजपाल, पुरेंद्र गोयल, देवेंद्र मलिक, विजेंदर, सतवीर वाटिका इंडिया न्यू गुरुग्राम व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव-2024 को मध्यनजर तावडू क्षेत्र में पुलिस जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**आमजन से शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न करवाने व कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।**

**निर्भीक होकर करें मतदान–पुलिस अधीक्षक नूंह।**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**


**नूंह।** आगामी 25 मई 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से करवाने के लिए नूंह पुलिस के अधिकारियों/ जवानों, भारतीय तिब्बत सीमा सुरक्षा बल के जवानों व सिविल प्रशासन ने आज तावडू क्षेत्र में श्री मुकेश कुमार डी0एस0पी0 तावडू के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया और सभी पुलिस जवानों को चुनाव के दौरान कड़ी चौकसी बरतने के निर्देश दिए । इस फ्लैग मार्च के अवसर पर निरीक्षक जितेंद्र कुमार प्रबंधक थाना सदर तावडू,उप-निरीक्षक प्रदीप कुमार प्रबंधक थाना शहर तावडू अपने सभी पुलिस कर्मचारियों सहित व भारतीय तिब्बत सीमा सुरक्षा बल के जवान भी शामिल रहे । इस अवसर पर उप-पुलिस अधीक्षक तावडू ने कहा कि आगामी 25 मई 2024 को होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर पुलिस के अधिकारी व जवान पूरी तरह चौकसी व सतर्कता बरतें । उन्होंने कहा कि फ्लैग मार्च से जहां आम आदमी में सुरक्षा की भावना पैदा होगी वहीं वे निर्भीक होकर मतदान करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों/ जवानों से कहा कि चुनाव के दौरान आम आदमी के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका सहयोग ले और उपद्रवियों और असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाए।

# मेवात इंजिनियरिंग कॉलेज, पल्ला में हुआ दावत-ए-इफ्तार का आयोजन, चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक रहे मुख्य अतिथि

**जिला उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की**

**दावत–ए–इफ्तार में सैंकडों लोगों ने शिरकत कर आपसी भाईचारे व अमन का दिया संदेश**

**हमारी गंगा–जमुना तहजीब पूरी दुनिया में मिसाल है, यहाँ 36 बिरादरी के लोग मिलकर मनाते हैं ईद व दीपावली: चौधरी ज़ाकिर हुसैन**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** रमज़ान का मुबारक़ महीने का अंतिम दौर चल रहा है और जगह–जगह दावत–ए–इफ़्तार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को मेवात इंजिनियरिंग कॉलेज, पल्ला में कॉलेज के डायरेक्टर डॉश मौश रफी ख्वाजा की तरफ से दावत–ए–इफ़्तार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक चौधरी ज़ाकिर हुसैन रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिदा उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने शिरकत की। दावत–ए–इफ्तार में काफी संख्या में सैकडों लोगों ने हिस्सा लेकर हिंदू–मुर्सलिम, सिख–ईसाई सर्व धर्म के आपसी भाईचारे व अमन–चैन का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी लोगों ने देश–प्रदेश में अमन–चैन, आपसी भाईचारे तथा देश की उन्नति के लिए दुआएँ माँगी। दावत–ए–इफ्तार में पंहुचनें पर चौधरी ज़ाकिर हुसैन का फूलमालाओं व गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि इस भव्य दावत–ए–इफ्तार का आयोजन कर एक सराहनीय कदम उठाया है।

दावत–ए–इफ्तार से आपसी सौहार्द और भाईचारा बढता है। आज दावत–ए–इफ्तार में सभी मज़हबों के लोगों ने भारी संख्या में हिस्सा लेकर आपसी भाईचारे व प्रेम की मिसाल कायम की है। हमें ज्यादा से ज्यादा इस तरह के कार्यक्रमों में हिस्सा लेना चाहिए, जिससे आपसी भाईचारा ओर भी ज्यादा बढे। उन्होंने कहा कि गरीब, मजलूम, जरूरतमंद व बेसहाराओं की ज्यादा से ज्यादा मदद करें, ये सबसे बड़ा कार्य है। इस दावत–ए–इफ्तार में सभी मज़हबों के लोगों ने हिस्सा लेकर हमारे देश की गंगा जमुना तहजीब की मिसाल दी है, इसके लिए वे कॉलेज के निदेशक मौश रफी को मुबारक़बाद देते हैं। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना बरकतों, रहमतों व ईबादतों का महीना है। इस पाक महीने में हमें मजलूमों, बेसहारा और जरूरतमंदों की ज्यादा से ज्यादा मदद करनी चाहिए। रोजा पूरे दिन भूखा और प्यासा रहकर जरूरतमंद लोगों की मदद करने का नाम है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉश शाहीन खान, डॉश शमसाद, मौश फारिस, शाहिद हुसैन, मांगेराम, मोहसिन, मुसताक, एजाज, मौहम्मद इकबाल, डॉश विनीत जैन, डॉश गौरव, जितेन्द्र आदि के अलावा सैंकडों मौजिजान व रोजेदार मौजूद रहे।

# नाराज किसान अब ईद के पर्व पर होने वाली नमाज को हाथों पर काली पट्टी बांधकर अता करेंगे




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह जिला के आईएमटी रोजकामेव के लिए 9 गांवों के किसानों की अधिग्रहण की गई 1600 एकड़ जमीन के बकाया मुआवजे को लेकर बीते फरवरी माह से किसान बैठे हुए हैं। किसानों की मांग पर अभी तक प्रदेश सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया है। इससे नाराज किसान अब ईद के पर्व पर होने वाली नमाज को हाथों पर काली पट्टी बांधकर अता करेंगे। इसके बाद किसानों द्वारा आईएमटी रोजका मेव में विशाल महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। इस महापंचायत में किसान नेता राकेश टिकैत, रवि आजाद सहित अन्य नेता शिरकत करेंगे। सोमवार को किसानों के धरना स्थल पर बैठे किसानों ने बताया कि गांव धीरधौका में उनका अनिश्चितकालीन धरना फरवरी माह से जारी है। लेकिन अभी तक किसानों की कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछली कांग्रेस सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया था। उस समय कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उनको दिल्ली बुलाकर फटकार लगाई थी जोकि अभी तक उनके जहन में हैं अब भाजपा सरकार भी कांग्रेस के पदचिन्हों पर चल रही हैं। किसानों की कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। बता दें कि वर्ष 2010 में आईएमटी रोजकामेव के लिए 1600 एकड़ अधिग्रहण की जमीन की गई थी। आईएमटी रोजकामेव के लिए 9 गांव खेड़ली कंकर, मेहरोला, बडेलाकी, कंवरसीका, रोजकामेव, धीरधुका, रूपाहेड़ी, खोड (बहादरी) और रेवासन के किसान अनिश्चितकालीन धरना पर है। किसान कमेटी के सदस्य हाफिज सिराजुद्दीन ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती धरना जारी रहेगा। उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। उनकी मुख्य मांगों में फरीदाबाद के चंदावली गांव की तर्ज पर मुआवजा दिया जाए। किसानों को प्लाट दी जाए। आईएमटी सोहना की जगह नाम को आईएमटी रोजका मेव लिखा जाए। उन्होंने कहा कि अब समय आ चुका हैं ईद के बाद वह पूरी तरह से सडक़ों पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजौर हो जाएंगे। उन्होंने मांग की एक देश एक प्रदेश के बावजूद उनके यहां पर किसानों की अधिग्रहण जमीन का पूरा मुआवजा नहीं दिया गया। जबकि प्रदेश के अन्य जगहों पर मुआवजा करोड़ों में दिया गया था। अब सरकार के खिलाफ मांग पूरी नहीं करने पर आरपार की लड़ाई की जाएगी। इसके लिए सभी नौ गांवों में जाकर संपर्क किया जा रहा है। जल्द ही वह बड़ा फैसला लेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से कंकर खेड़ी गांव से हाजी वली, हाजी चावखां, धीरधौका गांव से हाजी हमीद, हाजी मजीद, हाजी समशू, महरौला गांव से जाहिद सरपंच, हाजी जुहरू, जम्मल सरपंच, सूका उर्फ शेरमोहम्मद व हाजी हासम, रोजका मेव गांव से हाजी जस्सू, इरफान, हाजी तन्नी व खुर्शीद, रूपाहेड़ी गांव से दीनमोहम्मद नंबरदार, हाजी बसीर, मास्टर भागू, रेवासन गांव से हाजी उमरला, हाजी हैदर, बसई गांव से हाजी जानू, हाजी रफीक, खोड़ गांव से फकरू, जानमोहम्मद, कंवरसिका गांव से आसिफ, जमशेद, कल्लू, बड़ेलाकी गांव से मुकील, जमशेद, हाजी हसन, हाजी नल्ली सहित अन्य सैंकड़ों ग्रामीण किसान मौजूद रहे।

## लोकतंत्र के उत्सव में मतदान करके मतदाता निभाएं अपना कर्तव्य: धीरेंद्र खड़गटा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने जिला के मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि मतदान करना उनका अधिकार है। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर मतदाताओं को कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं आता है तो वह मतदान करने से वंचित न रहे बल्कि पोलिंग बूथ पर जाकर नोटा को वोट कर सकते हैं। संविधान में सभी को वोट का समान रूप से अधिकार दिया गया है। अपने मत का बिना किसी डर भय के उपयोग करते हुए सही उम्मीदवार को चयन करना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि आदर्श आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया के पूर्ण होने तक लागू रहेगी। कहीं पर भी संहिता का उल्लंघन नजर आता है तो वह अपनी शिकायत जिला निर्वाचन कार्यालय, हेल्पलाइन टोल फ्री नं. 1950 तथा सी-विजिल एप पर कर सकते हैं। इसके अलावा मतदाता चुनाव आयोग की वेबसाइट व हेल्पलाइन टोल फ्री नं. 1950 से अपने वोट व पोलिंग बूथ के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# तावडू अनाज मंडी में 8 से 13 अप्रैल तक जारी रहेगी सरसों की खरीद



**तावडू अनाज मंडी में 8 अप्रैल से शुरू हुई गेहूं की भी खरीद**

**एसडीएम एवं प्रशासक मार्केट कमेटी तावडू संजीव कुमार ने दी जानकारी**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** एसडीएम एवं प्रशासक मार्केट कमेटी तावडू संजीव कुमार ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए तावडू स्थित अनाज मंडी में किसानों की सरसों की सरकारी खरीद सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650- रुपए प्रति क्विंटल की दर से 8 से 13 अप्रैल तक जारी किए गए गावों के रोस्टर के हिसाब से की जाएगी ताकि किसानों को समस्या का सामना न करना पड़े। संजीव कुमार ने कहा कि 8 अप्रैल से ही तावडू अनाज मंडी में गेहूं की खरीद भी शुरू हो चुकी है। 8 अप्रैल को रोस्टर में निरस्त किए गए गांव खरखडी, चीला व पंचगांवा गांव की गेहूं की फसल 11 अप्रैल को खरीदी जाएगी। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अपनी बारी अनुसार ही अपनी फसल को मंडियों में बचने के लिए लाएं।

**इस प्रकार रहेगा तावडू अनाज मंडी का रोस्टर**

एसडीएम एवं प्रशासक मार्केट कमेटी तावडू ने बताया सोमवार 8 अप्रैल को जौरासी, फतेहपुर, रंगाला व राठीवास, मंगलवार 9 अप्रैल को घुडाका, उटोन, मोहमदपुर अहिर, दादू, सराय, कोटा खंडेवला, गंगवानी, जलालपुर सोहना, बेरी निफ्सी तावडू व सोहना, सूटाका, बुधवार 10 अप्रैल को झामुवास, गुढ़ी, शेखपुर, सबरस, डिंगरहेड़ी, स्यानिका, सुनारी, खोरी कला, खोरी खुर्द, निजामपुर तावडू, डिढारा, भडंगपुर, अतीतका, चुन्दिका, गुरूवार 11 अप्रैल को मंडारका, बावला, कांगरका, भोगीपुर, नाहरपुर, मिलकपुर, सुबासेडी, सैदपुर, रानियाकी, गुरनावट, सेवका, शुक्रवार 12 अप्रैल को सहशौला, धुलावट, छज्जुपुर, बिधुवास, मेढला, सूंध, चाहालका, भंगोह, जफराबाद, बामडौली, खरक, सोहना व तावडू, नन्दूकी शनिवार 13 अप्रैल को चौरासी , खरखडी, चीला व पंचगांवा, राहेड़ी, माल्हाका, डालाका, बुराका तावडू के किसानों की सरसों की पैदावार की निर्धारित एमएसपी पर खरीद की जाएगी। प्रशासक मार्केट कमेटी तावडू ने किसानों से आह्वान किया कि वे अपनी सरसों की फसल को अच्छी तरह सुखाकर व साफ करके जिस दिन उनके गांव का नम्बर हो, उसी दिन सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक किसी भी समय ला सकता है। उन्होंने बताया कि केवल वही किसान अपनी सरसों लेकर आएं ताकि किसानों को को अपनी सरसों बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि गेट पास कटवाने के लिये किसान अपना आधार कार्ड अवश्य साथ लेकर आएं।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# इनेलो के वरिष्ठ नेता हाजी सोहराब खान ने नूंह के नलहड मेडिकल कॉलेज में रोजेदारों को इफ्तारी कराई

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** रमजान का माह गरीब लोगों की मदद करने का महीना होता है। खुदा का हुक्म है कि रोजेदार अपनी हैसियत के अनुसार इस महीने में गरीब लोगों की ज्यादा से ज्यादा मदद करें। रोजा सिर्फ भूखे रहने का नाम नहीं है, बल्कि गरीबों से हमदर्दी का नाम है। रोजेदार तब तक अपना रोजा इफ्तार नहीं कर सकता जब तक वह यह न देख ले कि उसके पड़ोसी के घर में खाने के लिए कुछ है भी या नहीं, अगर नहीं है तो उसका फर्ज बनता है कि पहले उसे खाना दे बाद में खुद खाए।



रोजा इंसान को एक अच्छा इंसान बनाता है, इंसानियत का पता तब चलता है जब पेट भूखा हो। उक्त बातें नूंह विधानसभा से इनेलो के वरिष्ठ नेता हाजी सोहराब खान ने नूंह के नलहड मेडिकल कॉलेज में रोजेदारों को इफ्तारी कराते हुए कहीं। हाजी सोहराब खान ने कहा कि रमजान में रोजेदार से खुदा कोई हिसाब-किताब नहीं लेता, रोजेदार जमकर गरीबों पर पैसा खर्च कर सकता है। जिस व्यक्ति के पास माल-ए-हैसियत होती है, उसे जकात देनी होती है, यह एक तरीके से टैक्स होता है अमीर वर्ग के ऊपर जो गरीब लोगों को दिया जाता है। एक रोजेदार को भूखे रहने के साथ अपनी आंख, कान, नाक, मुंह का भी रोजा रखना पड़ता है, अगर रोजे की हालत में रोजेदार के मुंह से किसी व्यक्ति के लिए कुछ गलत बात निकल गई तो उसका रोजा खुदा की बारगाह में कुबूल नहीं होगा। रोजा अच्छा काम करने के लिए प्रेरित करता है, अगर किसी रोजेदार को लगता है कि वह रोजा रखकर भी गलत काम कर रहा है तो फिर उसका रोजा नहीं माना जाएगा। रोजेदार के लिए झूठ बोलना हराम होता है। बता दें कि वैसे तो हर साल हाजी सोहराब रोजेदारों की मदद के लिए आगे आते हैं लेकिन इस बार उन्होंने नूंह के नलहड मेडिकल कॉलेज में मरीजों व तीमारदारों सभी को इफ्तारी कराने का बड़ा फैसला लिया है। करीब एक माह होने को हैं पहले रमजान के बाद से ही उनके द्वारा यहां पर रोजेदारों को इफ्तारी कराई जा रही है। हर दिन यहां पर सैंकड़ लोग इफ्तारी में शामिल हो रहे हैं। विशेष बातचीत के दौरान हाजी सोहराब ने कहा कि सबसे पहले हम इंसान हैं एक इंसानियत के नाते हमें एक दूसरे की मदद व सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। पाक रमजान माह से शुभ कार्यों की शुरूआत करनी चाहिए। आज रोजेदारों को इफ्तारी कराने पर उनको बहुत अच्छा लग रहा है।

# कांग्रेस नेता महावीर मसानी ने दीपेंद्र हुड्डा द्वारा जारी किए गए भर्ती विधान की करी तारीफ

**इस सेभर्ती प्रक्रिया में आएगी पारदर्शिता, निस्पक्ष तरीके से युवाओं को मिलेगा रोजगार।**

**पेपर लीक या भर्ती अनियमितता पर सीधे एचएसएससी-एचपीएससी अध्यक्ष व सदस्यों पर होगी कार्रवाई- महावीर मसानी**

**दूसरे पेपर से प्रश्न कॉपी करने को भी माना जाएगा पेपर लीक, होगी कार्रवाई।**

**हर एक भर्ती के लिए जारी होगा कैलेंडर, एक दिन भी देरी से होगी भर्ती ओएसडी पर कार्रवाई।**



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** कांग्रेस नेता महावीर मसानी ने सांसद दीपेंद्र हुड्डा द्वारा जारी किए गए भर्ती विधान की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि युवा भागीदारी न्याय के तहत हरियाणा के अलग-अलग विभागों में खाली पड़े 2 लाख से ज्यादा पदों पर पक्की, पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती करना कांग्रेस का मकसद है। इसके लिए पार्टी द्वारा बाकायदा भर्ती विधान जारी किया जाएगा। महावीर मसानी ने बताया कि भर्ती विधान के अनुसार सबसे पहले युवाओं को योग्यता अनुसार नौकरी देने के लिए मौजूदा सरकार में जड़ जमाए बैठे पेपर लीक और नौकरियों को बेचने वाले माफिया का सफाया किया जाएगा। कांग्रेस सरकार बनने पर भर्ती संबंधी सभी एजेंसियों व पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित होंगी ताकि भर्तियों में किसी भी तरह की अनियमितता की संभावना ना रहे। अगर किसी भर्ती में कोई अनियमितता पाई गई तो इसके लिए सिर्फ बाहरी एजेंसियों को नहीं, बल्कि सीधे तौर पर एचएसएससी-एपीएससी में बैठे अधिकारियों, सदस्यों और चेयरमैन को भी जिम्मेदार माना जाएगा।

समयबद्ध भर्तियां करवाने के लिए हर भर्ती के लिए अलग ओएसडी की नियुक्ति होगी। हर एक भर्ती के फॉर्म के साथ उसका पूरा कैलेंडर भी जारी होगा, जिसमें पेपर व रिजल्ट तक की तारीख लिखी होगी। एचएसएससी, एचएपीएससी के साथ-साथ कैलेंडर की पालना करने की जिम्मेदारी ओएसडी की भी होगी। किसी भी भर्ती की परीक्षा या रिजल्ट एक भी दिन लेट होने पर सीधे ओएसडी की छुट्टी होगी। किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने को लेकर भर्तियों के लिए अलग कमेटी बनेगी। भर्ती संबंधि शिकायतों के लिए कमेटी की फोन लाइन 24 घंटे सातों दिन खुली रहेंगी। उन्होंने कहा कि ग्रुप-सी और डी में इंटरव्यू खत्म करने की शुरुआत कांग्रेस कार्यकाल के दौरान हुई थी। ग्रुप-सी और डी में कांग्रेस कार्यकाल के दौरान कोई इंटरव्यू नहीं होगा। ग्रुप-1-2 की भर्तियों के इंटरव्यू में पूर्ण पारदर्शिता लाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। क्योंकि आज इंटरव्यू को लेकर अभ्यार्थियों की अनगिनत शिकायतें सामने आ रही हैं। लिखित परीक्षा में टॉप करने वाले अभ्यार्थियों को भी इंटव्यू में कम नंबर देकर भर्ती से बाहर कर दिया जाता है। इसलिए कांग्रेस सरकार के दौरान ऐसी व्यवस्था स्थापित की जाएगी, जो इंटरव्यू में किसी भी तरह के पक्षपात या गड़बड़ की संभावना को खत्म कर सके।

महावीर मसानी ने कहा कि मौजूदा सरकार ने पेपर लीक करने का नया तरीका निकाल लिया है, पेपर कॉपी करना। लेकिन कांग्रेस सरकार बनने पर किसी अन्य भर्ती पेपर से प्रश्न कॉपी करने को भी पेपर लीक की श्रेणी में गिना जाएगा और इसपर भी पेपर लीक जैसी ही कानूनी कार्रवाई होगी। किसी भी भर्ती का पेपर लीक होने पर एजेंसी के साथ-साथ सेक्रेटरी से लेकर पूरे कमीशन की जांच होगी। दूसरी बार पेपर लीक या भर्ती में गड़बड़ी होने की सूरत में पूरे भर्ती कमीशन को बर्खास्त करके पुनर्गठित किया जाएगा।

## मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहीं हरियाणा रोड़वेज

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य परिवहन लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है। हरियाणा राज्य परिवहन के रेवाड़ी डिपो से निकलने वाली बसें न केवल हरियाणा राज्य बल्कि देश के अन्य राज्यों के मतदाताओं को भी जागरूक करने में मददगार बन रही हैं। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य परिवहन की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री लगाई गई है जो मतदाताओं का ध्यान सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं और मतदाताओं को 25 मई मतदान के दिन बढ़चढक़र मतदान करने के प्रति जागरू कर रही हैं। लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रेवाड़ी बस स्टैंड से विभिन्न रूटों पर चलने वाली हरियाणा रोडवेज की बसों के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है, जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग व राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सूचना,



जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से हरियाणा रोडवेज की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री, बैनर व पोस्टर चस्पा करवाए गए हैं। इन पोस्टरों में आम जनता से छुट्टी का दिन समझकर घर पर आराम न फरमाइए- मतदान केंद्र पर मतदान करने आइए', 'लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर- उंगली पर नीली लकीर ' जैसे जागरूकता स्लोगन व टैग लाइन के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जा रही है। बसों पर लगी प्रचार-सामग्री के माध्यम से आमजन को मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 की भी जानकारी दी जा रही है।

# लोकसभा चुनाव-2024 को मध्यनजर नूंह क्षेत्र में नूंह पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** आगामी 25 मई 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से करवाने के लिए नूंह पुलिस के अधिकारियों/जवानों, भारतीय तिब्बत सीमा सुरक्षा बल के जवानों व सिविल प्रशासन ने आज नूंह क्षेत्र में अजायब सिंह उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नूह व सुरेंद्र कुमार डीएसपी नूंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया और सभी पुलिस जवानों को चुनाव के दौरान कड़ी चौकसी बरतने के निर्देश दिए।

इस फ्लैग मार्च के अवसर पर निरीक्षक चंद्रभान प्रबंधक थाना सदर नूंह, निरीक्षक सतपाल सिंह प्रबंधक थाना शहर नूंह अपने सभी पुलिस कर्मचारियों सहित व भारतीय तिब्बत सीमा सुरक्षा बल के जवान भी शामिल रहे। इस अवसर पर उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नूंह अजायब सिंह ने कहा कि आगामी 25 मई 2024 को होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर पुलिस के अधिकारी व जवान पूरी तरह चौकसी व सतर्कता बरतें।

उन्होंने कहा कि फ्लैग मार्च से जहां आम आदमी में सुरक्षा की भावना पैदा होगी वहीं वे निर्भीक होकर मतदान करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों/जवानों से कहा कि चुनाव के दौरान आम आदमी के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका सहयोग ले और उपद्रवियों और असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाए ।

## बघोला स्थित आंचल छाया वात्सल्य केंद्र में दंत जांच शिविर का आयोजन किया

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को गांव बघोला सथित आंचल छाया वात्सल्य केंद्र में दंत जांच शिविर का आयोजन किया। राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में बच्चों, बुजुर्ग महिला व पुरुषों को मुंह, मसूड़ों व दांतों की जांच कर बीमारियों से बचाव के लिए किया जागरूक किया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ.संतोष के दंत रोगों के लक्षण, कारण, बचाव व उपचार के बारे में बताया। इस अवसर पर टूथपेस्ट व ब्रश भी वितरित किए गए। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.सुमन सिंगला ने दांतों में कैविटी, कीड़ा लगना, दांतों में दर्द होना, दांतों में ठंडा गरम लगना, मुंह से दुर्गंध आना, मसूड़ों से खून आना, पायरिया व मुंह में कैंसर होने के कारण, लक्षण व बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने खाना खाने के बाद दिन में दो बार सुबह व रात को सोने से पहले ब्रश करने की सलाह दी। उन्होंने ब्रश करने की विधि के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि 28 से 36 प्रतिशत बच्चों के दूध के दांतों में कीड़े लग जाते हैं। यदि ऐसे बच्चों के दांतों का समय पर इलाज न किया जाए तो दांत खराब हो सकते हैं। उन्होंने गुटका व अन्य मादक पदार्थ न खाने, धूम्रपान व तंबाकू सेवन न करने की सलाह दी।




## स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई मतदान की शपथ



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने लघु सचिवालय के सभागार में सोमवार को जिला के सभी ग्राम सचिवों, बीडीपीओ, पंचायत विभाग व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों, कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए हरियाणा में अधिसूचना 29 अप्रैल 2024 को जारी की जाएगी तथा 25 मई को मतदान होगा और मतगणना 4 जून 2024 को होगी। जिला में लोकसभा चुनाव में इस बार शत प्रतिशत मतदान कराये जाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिक से अधिक मतदान करना जरूरी है। उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों-कर्मचारियों को 25 मई के दिन मतदान करने की शपथ दिलाई और कहा कि हम सबको लोकतंत्र के इस पर्व में पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ हिस्सा लेना है और लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित भी करना है। उन्होंने कहा कि जिला नूंह में तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हैं जोकि गुरुग्राम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आते हैं, जिनमें 79- नूंह , 80-फिरोजपुर झिरका तथा 81- पुनहाना हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 6 लाख 40 हजार 382 मतदाता हैं जो लोकसभा चुनाव के लिए अपने मत का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर किसी पात्र मतदाता का अभी तक वोट नहीं बना है तो वह 1 अप्रैल 2024 की आधार तिथि के अनुसार अभी भी अपना वोट बनवा सकता है, इसके लिए वह व्यक्ति अपने गांव के संबंधित बीएलओ से संपर्क कर सकता है। यदि किसी मतदाता का नाम किसी कारणवश मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो संबंधित व्यक्ति www.voterportel.eci.gov.in वोटर हेल्पलाइन एप या बीएलओ एप के माध्यम से आवेदन कर सकता है।

